सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 27 मार्च, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 84, पेज 16, 2.00 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## बिकवाली के दबाव से 361 अंक टूटा सेंसेक्स

शेयर बाजारों में तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 361 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। } 15

## भारत-फिलीपीन उभरते विश्व को दे रहे आकार

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपीन के विवाद के बीच कहा कि बदलती दुनिया के साथ यह आवश्यक है कि भारत और फिलीपीन उभरते विश्व को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। } 16





मथुरा के दाऊजी मंदिर में हुरंगा होली खेलते स्थानीय लोग

# उत्साह और उमंग में विश्वास करता है सनातन धर्म

## भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने उड़ाया गुलाल

विशेष संवाददाता

लखनऊ/गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म शोक-संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है। होली का पर्व इसी का संदेश देता है। इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है। साथ ही यह संदेश भी कि सनातन धर्म सह अस्तित्व, वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है।

सीएम योगी मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली 'भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा' के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं



गोरखपुर में जनता के साथ होली पर गुलाल उड़ाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज सुरक्षित और समृद्ध हैए इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी वैरभाव को समाप्त करए सत्य-न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### अनशन कर रहे सोनम वांगचुक से मिले प्रकाश राज

लेह। अभिनेता प्रकाश राज ने लद्दाख में अनशन पर बैठे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मंगलवार को मुलाकात की और उनकी मांगों का समर्थन किया। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर सोनम वांगचुक यहां करीब तीन सप्ताह से भूख हड़ताल पर हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के मुखर आलोचक प्रकाश राज ने वांगचुक के नेतृत्व ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बुलंदशहर : यौन हिंसा में प्रधानाचार्य गिरफ्तार

बुलंदशहर। जिले के एक प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य को छात्राओं के साथ आपत्तिजनक हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अरनिया थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया कि गांव के प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य तेज प्रताप सिंह छात्राओं से आपत्तिजनक हरकत करते हैं, जिससे नौ से 12 साल की छात्राओं ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। शिकायत के अनुसार छात्राओं ने बताया कि प्रधानाचार्य उन्हें गलत नीयत से छूते हैं। इसमें कहा गया कि प्रधानाचार्य ने यह बात किसी को भी बताने पर परीक्षा में फेल करने और स्कूल से नाम काटने की धमकी भी दी।

# होली के हुड़दंग में 12 हजार पहुंचे अस्पताल

## सूबे में दुर्घटना के शिकार 1350 पहुंचे इमरजेंसी, 108 एम्बुलेंस ने बचायी कई लोगों की जान

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। होली के हुडदंग में 12 हजार 331 घायल लोगों को अस्पताल पहुंचना पड़ गया। इनमें से 1350 मामले सड़क दुर्घटना के थे। लापरवाही के साथ गाड़ी चलाना बहुत से लोगों पर भारी पड़ा और उन्हें 108 एम्बुलेंस से अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ गया। होली के अवसर पर प्रदेश भर में बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इसके अलावा मारपीट-झगड़े व हादसे और स्वास्थ्य सम्बंधी परेशानियों के भी काफी मामले सामने आए। ऐसे में जरूरतमंद लोगों के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा ने समय पर सेवाएं देकर उनकी जान बचाने में अहम रोल अदा किया। एक्सीडेंट व अन्य मामलों में घायल हुए लोगों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार देकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया।



सूबे में होली के अवसर पर भीषण सड़क हादसा

**होली में टाप 5 इमरजेंसी वाले जिले**

| | | |
|---|---|---|
| हरदोई | - | 353 |
| लखनऊ | - | 344 |
| लखीमपुर खीरी | - | 325 |
| सीतापुर | - | 289 |
| बाराबंकी | - | 278 |

**प्रदेश में कुल इमरजेंसी**

| | | |
|---|---|---|
| होली के दिन | - | 12331 |
| ट्रॉमा वेहिकुलर | - | 1350 |
| ट्रॉमा नान वेहिकुलर | - | 2282 |

- सीएम योगी के निर्देश पर सभी जिलों के अस्पतालों में सुरक्षा-व्यवस्था रही चाक चौबंद
- पीड़ितों को इलाज मिलने में नहीं हुई कोई परेशानी

प्रदेश में 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन करने वाली संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज (यूपी) के अधिकारियों के अनुसार होली के दिन कुल 12 हजार 331 लोगों को इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा प्रदान की गई। इनमें हरदोई के 353, लखनऊ के 344, लखीमपुर खीरी के 325, सीतापुर 289, बाराबंकी के 278 लोग शामिल थे। होली के दिन कुल 12331 इमरजेंसी के मामलों में 1350 केस रोड एक्सीडेंट के थे। इसके अलावा अन्य प्रकार के हादसों (नान वेहिकुलर ट्रामा) के भी 2282 मामलों में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। गौरतलब है कि होली के मद्देनजर 108 एम्बुलेंस सेवा ने खास इंतजाम किए थे। सेवा से जुड़ी एम्बुलेंस की सड़क दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील स्थानों, थानों के नजदीक व अन्य चिन्हित स्थानों में खास तौर पर तैनात किया गया था। ताकि जरूरतमंदों को जल्द से जल्द एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा सके। सेवा प्रदाता संस्था के पदाधिकारियों के अनुसार प्रदेश में संचालित 108 एम्बुलेंस सेवा लोगों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है। इस सेवा से सैकड़ो जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकी है। घायलों से लेकर उनके परिजनों ने तत्काल मदद के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा के स्टाफ की काफी प्रशंसा की और सरकार को इस सेवा के लिए धन्यवाद ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुख्तार की हालत बिगड़ी इलाज के बाद लौटा जेल

विशेष संवाददाता

बांदा/लखनऊ। सजायाफ्ता बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को उपचार के बाद मंगलवार शाम बांदा जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कौशल ने बताया कि अंसारी को पेट दर्द, पेशाब और मल त्यागने में समस्या के चलते आज सुबह करीब पौने चार बजे भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि उपचार पूरा होने के बाद शाम करीब पौने छह बजे अंसारी को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) वार्ड से छुट्टी दे दी गई। अंसारी बांदा की जेल में सजा कटा रहा है। इससे पहले दिन में, मुख्तार के सांसद भाई अफजाल अंसारी ने कहा था कि उनके भाई ने उन्हें खाने दो बार जहर दिए जाने का दावा किया है। मुख्तार के भाई एवं गाजीपुर से बहुजन समाज पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आज तड़के उन्हें मोहम्मदाबाद थाने से एक संदेश प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें बताया गया कि मुख्तार की तबीयत खराब है और उन्हें बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अंसारी ने मंगलवार को दिन में बांदा मेडिकल कॉलेज पहुंचने के बाद संवाददाताओं से कहा था कि मुख्तार आईसीयू में भर्ती है और होश में है। अंसारी के मुताबिक, मुख्तार ने उन्हें बताया है कि उन्हें खाने में कोई जहरीला पदार्थ खिलाया गया है और ऐसा दूसरी बार हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्तार ने उन्हें बताया कि करीब 40 दिन पहले भी उसे जहर दिया गया था और अभी हाल ही में शायद 19 या 22 मार्च को फिर दिया गया है जिसके बाद से उसकी हालत खराब है। इससे पहले दिन में, अस्पताल में मुख्तार से मिलने पहुंचे उनके पुत्र उमर अंसारी ने आरोप लगाया कि मुलाकातियों की सूची में उनके चाचा सांसद अफजाल अंसारी के साथ उनका नाम होने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवाओं की एकजुटता से हारेगी भाजपा : अखिलेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की पराजय और अध्यक्ष पद पर दलित प्रत्याशी चुने जाने को पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग) की सामूहिक जीत करार दिया है।



यादव ने युवाओं को लोकसभा चुनाव में सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि ईवीएम पर नजर रखें और जीत का सुबूत दिए जाने तक आराम न करें। उन्होंने कहा कि युवा विरोधी भाजपा सभी युवाओं की एकजुट शक्ति से हार जाएगी। जेएनयूएसयू ने लगभग तीन दशक बाद रविवार को अपना पहला दलित अध्यक्ष चुना जो वाम समर्थित समूह से है। संयुक्त वामपंथी पैनल ने रविवार को जेएनयूएसयू ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है कांग्रेस : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है।

राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोजगार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की जुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवा न्याय के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करायेगा निर्वाचन आयोग

## पीएम मोदी ने बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से बात की, उन्हें बताया शक्ति स्वरूपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उनके खास लोगों के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा को भाजपा ने बशीरहाट लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। संदेशखालि इसी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मोदी ने पात्रा से उनके प्रचार की तैयारियों और मतदाताओं के बीच भाजपा के समर्थन सहित अन्य मुद्दों के बारे में बात की। पात्रा ने इस दौरान संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। पात्रा ने मोदी से कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है कि वह उनके साथ खड़े हैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

और कहा ऐसा लग रहा है, जैसे रामजी हमारे साथ हैं।

भाजपा प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्होंने क्षेत्र की स्थिति के कारण 2011 से मतदान नहीं किया है। इस पर मोदी ने आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि हर कोई मतदान कर सके। पात्रा ने यह भी कहा कि उनके आसपास के टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वह एक गरीब परिवार से हैं और उनके पति केरल और तमिलनाडु में काम करते हैं। उन्होंने कहा मैं कुछ ऐसा करूंगी कि किसी को काम के लिए इतनी दूर न जाना पड़े। उन्हें यहीं रोजगार मिले। प्रधानमंत्री ने उन्हें शक्ति स्वरूपा कहकर संबोधित किया। शक्ति एक शब्द है, जो दुर्गा और काली जैसी देवी-देवताओं से जुड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:30 | 4:40 | 6:23 | 4:50 |

### 2024 आज का मुकाबला

मुम्बई V/S हैदराबाद



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 15.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- बिजली, पैसा, पर्यावरण संरक्षण में बनारस टॉपर (पृष्ठ-02)
- मेरठ से 'राम' बने भाजपा के प्रत्याशी (पृष्ठ-02)
- एल्युमीनियम फॉयल आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू (पृष्ठ-15)
- चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर (पृष्ठ-15)
- सोना 100 रुपये टूटा, चांदी में 250 की गिरावट (पृष्ठ-15)

**विशेष खबर** — 2022 के नतीजे भाजपा के रणनीतिकारों की बढ़ा रहे चिंता

# भाजपा के लिए चुनौती बनीं पूर्वांचल की हारी हुई पांच सीटें

संजय धीमान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2022 में प्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। इसके बावजूद पूर्वांचल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं था। वर्ष 2022 में आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा को हार झेलनी पड़ी। इसी तरह से लालगंज (सु.) लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों पर भी भाजपा हारी। 2022 के नतीजे भाजपा के रणनीतिकारों की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालांकि भाजपा संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यहां जमीन तैयार कर रखी है, ऐसे में विपक्ष को जीत मिलना मुश्किल ही नहीं बल्कि कठिन कार्य है।




पिछले लोकसभा चुनाव में पूर्वांचल की पांच सीटों आजमगढ़, लालगंज, घोसी, गाजीपुर और जौनपुर में भाजपा की सियासी व्यूह रचना नाकाम साबित हुई। लिहाजा पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। पूर्वांचल के कद्दावर भूमिहार नेता मनोज सिन्हा तक को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अबकी बार पूर्वांचल में हारी हुई पांच सीटों पर भाजपा के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें होंगी। आजमगढ़ लोकसभा सीट से वर्ष 2019 का आम चुनाव सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ढाई लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीता था। यह दीगर बात रही कि 2022 में अखिलेश यादव ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दिया तो उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को जीत नसीब हुई। इससे पहले वर्ष 1989 से 2014 के बीच हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ एक बार 2009 में रमाकांत यादव ने इस सीट से जीत दिलाई थी। लालगंज (सु.) लोकसभा सीट से वर्ष 2019 का आम चुनाव बहुजन समाज पार्टी की संगीता आजाद जीती थीं। इस सीट पर वर्ष 1989 से 2014 के बीच हुए आम चुनाव में भाजपा को सिर्फ एक बार 2014 में नीलम सोनकर जीत दिलाई थीं। मऊ जिले की घोसी लोकसभा से वर्ष 2019 का चुनाव बहुजन समाज पार्टी के अतुल राय ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मिर्जापुर, जौनपुर, बाराबंकी व एटा में सड़क हादसे, 17 की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मिर्जापुर, जौनपुर, एटा और बाराबंकी जिले में हुए सड़क हादसों में 17 लोगों की मौत हो गई जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का संबंधित जिले के अस्पतालों में इलाज कियाजा रहा है।

मिर्जापुर जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रक की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार चार युवकों राकेश कुमार सिंह (24), सोनू प्रजापति (20), पवन प्रजापति (20) और विकास प्रजापति (22) की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। वहीं जौनपुर जिले में सोमवार को रिश्तेदारी से होली मिलन करके लौट रहे दो युवक गुरैनी बाजार में चार पहिया वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों युवकों पोस्ट ऑफिस मोहल्ला निवासी सनोज यादव उर्फ नाटे (38) और इसी मोहल्ला के दिलीप यादव (30) की मौत हो गई।

दोनों क्षेत्र के सफीपुर रिश्तेदारी में होली मिलने गए थे। हादसेमें गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को पुलिस पीएचसी सोंधी ले गई, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K




# क्लीन स्वीप का संकल्प लेकर मैदान में उतरेंगे सीएम योगी

## प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से लोगों के साथ संवाद स्थापित कर 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद अब बुधवार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फुल एक्शन में नजर आएंगे। चुनावी रैलियों से पहले सीएम योगी प्रदेश के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए

- **बुधवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन**
- **27 से 31 मार्च तक 5 दिनों में 15 जिलों में प्रबुद्ध जनों के साथ ही आम लोगों से भी संवाद स्थापित करेंगे सीएम**

अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वातालार्प करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएम योगी 27 से 31 मार्च तक यानी 5 दिनों में 15 जिलों को कवर करेंगे। उनके प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत बुद्धवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी, जहां वह गणमान्य लोगों के साथ ही आम लोगों से भी संवाद स्थापित करेंगे। इसके अगले दिन यानी गुरुवार 28 मार्च को सीएम योगी का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहां भी उन्हें प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद में हिस्सा लेना है। 29 मार्च को सीएम शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तो 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और



गौतमबुद्धनगर, जबकि 31 मार्च को बरेलीए रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे।

इन प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। साथ ही डबल इंजन की सरकार में आम लोगों तक पहुंच रही योजनाओं के बारे में भी बात करेंगे। सीएम योगी ने 2023 में निकाय चुनावों से पहले भी प्रबुद्ध सम्मेलन किए थे, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिला था और पार्टी ने सभी नगर निगमों में क्लीन स्वीप किया था। सीएम योगी एक बार फिर प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से लोकसभा चुनावों में क्लीन स्वीप का मिशन लेकर मैदान में उतरने वाले हैं। सीएम योगी के इन प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है, जहां शुरूआती चरणों में चुनाव होना है।

पहले चरण यानी 19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है। इसी तरह तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली जैसे जिलों में चुनाव की घोषणा हुई है। इसी कार्यक्रम को देखते हुए सीएम योगी के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से की जा रही है, ताकि उनके संवाद का ज्यादा से ज्यादा असर आम लोगों तक हो सके।

## होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनायी होली

विशेष संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरूआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया।

- **गोरक्षपीठाधीश्वर-संतों ने एक दूसरे को लगाया भस्म का तिलक**
- **गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लिया फाग का आनंद**

गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की। होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। सीएम योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं। होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ और दूध रोटी खिलाकर उनकी सेवा की।

गोशाला में सीएम योगी की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया। मंगलवार सुबह अपनी दिनचर्या के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर के भीम सरोवर के पास पहुंचे। यहां उन्होंने सरोवर किनारे टहल रहे बतखों को दाना खिलाया

# साइकिल पर चढ़ेंगे या मजबूत करेंगे हाथ

## पीलीभीत से भाजपा का टिकट न मिलने पर वरुण गांधी को लेकर कयासों का बाजार गर्म

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने 24 मार्च को 111 उम्मीदवारों की 5वीं सूची जारी कर दी है। 5वीं सूची में वरुण गांधी का पीलीभीत से टिकट काट दिया गया। अब सभी की निगाहें वरुण गांधी पर टिकी हैं। नामाकंन के लिए सिर्फ 27 मार्च तक का समय बचा है। पीलीभीत में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान है।

पीलीभीत लोकसभा सीट पिछले 4 चुनाओं से भाजपा के पास है। वरुण गांधी इस सीट से सांसद हैं। वरुण गांधी इस पूरे कार्यकाल में अपनी ही पार्टी की नीतियों पर सवाल खड़ा करते रहे। कुछ समय पहले उनके बयानों में नरमी आई थी, लेकिन उन्हें भाजपा ने टिकट नहीं दिया। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि वरुण गांधी क्या कांग्रेस का 'हाथ' पकड़ेंगे या फिर साइकिल की सवारी करेंगे। वरुण गांधी का सपा में जाने की संभावनाएं प्रबल है, क्योंकि सपा के पीलीभीत लोकसभा सीट से



घोषित प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार का गुरुवार को एक वीडियो सामने आया था। वह मीडिया से बात करते हुए भाजपा नेता वरुण गांधी को लेकर काफी भावनात्मक नजर आए। उन्होंने कहा कि वरुण गांधी बड़े नेता हैं। अगर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव वरुण गांधी को पीलीभीत से चुनाव लड़ाना चाहेंगे तो वह बिना किसी से कुछ कहे अपनी दावेदारी छोड़ देंगे। हालांकि बयान वायरल होने के कुछ देर बाद ही भगवत सरन ने वीडियो में कही जा रही बात से इनकार कर दिया। कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वरुण गांधी कांग्रेस में भी जा सकते हैं, कांग्रेस उन्हें अमेठी या फिर रायबरेली सीट से उम्मीदवार बना सकती है। क्योंकि कांग्रेस ने अभी इन दोनों सीटों पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। हालांकि भाजपा से टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर है कि वरुण गांधी काफी समय से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। ऐसी भी संभावना है कि वो पीलीभीत सीट से ही निर्दलीय मैदान में उतर सकते हैं।

# बिजली, पैसा और पर्यावरणसंरक्षण में बनारस यूपी टॉप

## हर घर सोलर योजना में प्रदेश में वाराणसी अव्वल : सीडीओ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/वाराणसी।** हर घर सोलर योजना में उत्तर प्रदेश में वाराणसी अव्वल चल रहा है। काशी को सोलर सिटी बनाने के लिए सरकार महाभियान चला रही है। जिससे

- **25 हजार कनेक्शन के लक्ष्य से ज्यादा सोलर रूफटाप आनग्रिड सिस्टम के लिए हुआ वाराणसी में रजिस्ट्रेशन**

आपके पैसे और बिजली दोनों की बचत हो, साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी हो सके। सरकार के इस अभियान में जनता का जबर्दस्त रुझान दिख रहा है। हर घर सोलर योजना के अंतर्गत 25000 कनेक्शन के सरकार के लक्ष्य को पार करते हुए ढाई महीने में ही 28 हजार से ज्यादा लोगो ने सोलर रूफटाप आनग्रिड सिस्टम के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। जिससे उपभोक्ताओं को 31 लाख रुपए से ज्यादा की बचत हो रही है।




बनारसी बिजली, पैसा और पर्यावरण बचाने में उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर चल रहे हैं। सरकार की हर घर सोलर योजना काशी में परवान चढ़ रही है। बिजली की बचत के साथ.साथ सरकार आपके पैसे बचने की योजना पर काम कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि सोलर रूफटाप ऑन ग्रिड सिस्टम योजना में वाराणसी उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर है। वाराणसी में हर घर सोलर योजना में 25000 घरों में सोलर रूफटाप ऑन ग्रिड सिस्टम का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 28,423 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 1045 लोगों के घरों में सौर ऊर्जा से बिजली जलने लगी है। सोलर योजना का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं को 4,7,0250 यूनिट की बचत हुई है। जिससे अब तक 31 लाख 35 हजार रुपयों की बचत हुई है। 'हर घर सोलर योजना' में 25,000 सोलर रूफटाप आनग्रिड सिस्टम का लक्ष्य रखा गया था। जिसका लक्ष्य बाद में 'पीएम सूर्य घर योजना' के अंतर्गत लगभग 72 हजार कर दिया गया है । मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अगले तीन से चार महीनो में नया लक्ष्य पूरा करने का प्रयास रहेगा। योजना के अंतर्गत राज्य सरकार 1 किलोवाट से लेकर 10 किलोवाट तक सोलर लगवाने पर 45000 से लेकर 1 लाख 8 हजार तक की सब्सिडी दे रही है।

# मेरठ से 'राम' बने भाजपा के प्रत्याशी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा अरुण गोविल को मेरठ लोकसभा सीट से टिकट दिया है। भाजपा ने सिटिंग सांसद राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काट दिया। अरुण गोविल अभिनेता से नेता बन गए। आइए उनके सफर के बारे में जानते हैं। अरुण गोविल मेरठ से भाजपा प्रत्याशी होंगे। पार्टी ने यहां से उस चेहरे पर दांव लगाया है, जिसने राम के किरदार को निभाकर घर-घर में अमिट छाप छोड़ी है। इंजीनियर पिता जिस बेटे के लिए सरकारी नौकरी का सपना देख रहे थे, उसने कैसे मायानगरी में जाकर करोड़ों दिलों में जगह बनाई और अब अभिनेता से नेता बनकर चुनावी रण में उतर चुका है। अरुण गोविल मेरठ के ही रहने वाले हैं। 12 जनवरी 1958 को उनका जन्म कैंट में हुआ। पिता चंद्रप्रकाश गोविल मेरठ में ही नगर पालिका में अभियंता थे। अरुण गोविल की शुरूआती पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। राजकीय इंटर कॉलेज से 12वीं पास किया। सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी पढ़ाई.लिखाई की। गोविल ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ कुछ नाटकों में एक्टिंग की। अरुण गोविल के पिता की ख्वाहिश थी कि बेटा सरकारी नौकरी करे,



लेकिन अरुण गोविल के मन में कुछ और ही था। वह लीक से हटकर कुछ ऐसा करना चाहते थे कि हर कोई उनको याद करे। 6 भाई बहनों में चौथे नंबर के अरुण गोविल ने इस सपने को साकार करने के लिए मायानगरी की ओर कूच किया। मुंबई तो वह बिजनेस के लिए गए थेए लेकिन यहां से उनके एक्टर बनने का सफर शुरू हो गया। अरुण गोविल ने घर-घर में पहचान भले ही रामानंद सागर के मशहूर धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभाकर की हो, लेकिन वह एक्टिंग की दुनिया में इससे पहले ही आ गए थे। 1977 में उनकी पहली फिल्म पहेली आई थी। इसके अलावा भी उन्होंने श्रद्धांजलि, इतनी सी बात, जियो तो ऐसे जियो, सावन को आने दो जैसी कई फिल्मों में काम किया। साल 1987 में रामानंद सागर के टीवी शो रामायण में अरुण गोविल ने राम का किरदार ऐसा निभाया कि सार्वजनिक स्थलों पर लोग उनको देखते ही उनके पैरों में गिर जाते थे। लोग उन्हें भगवान राम के रूप में देखने लगे थे और उनका आशीर्वाद लेना चाहते थे। इसके अलावा भी उन्होंने कई मशहूर टीवी शो जैसे विक्रम बेताल, लव-कुश, विश्वामित्र और बुद्धा में एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता।

## भारत नमन पार्टी ने लोस की चार सीटों पर उतारें उम्मीदवार

**लखनऊ।** भारत नमन पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष राम बहादुर गौतम की अध्यक्षता में मंगलवार को कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक यूपी की लगभग 15 सीटों पर आए आवेदन पर विचार किया गया। पार्टी ने चार लोकसभा

- **लखनऊ पूर्वी से ऋषभ सिंह होंगे प्रत्याशी**

सीट पर उम्मीदवार तय कर दिए। इसके साथ लखनऊ पूर्वी उपचुनाव और रामपुर के लिए उमीदवार का चयन किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने बताया कि मोहनलालगंज सुरक्षित से रज्जन लाल गौतम, लखनऊ से बाबा राकेश यादव, लालगंज सुरक्षित से पुंडरी गौतम, बस्ती से अनिरुद्ध कुमार पांडेय को लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया गया है। विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए लखनऊ से ऋषभ सिंह, रामपुर से पवन कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है।

# राहुल और प्रियंका इस बार यूपी से नहीं लड़ेंगे चुनाव!

शैलेन्द्र श्रीवास्तव (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में कांग्रेस इस बार सपा के साथ गठबंधन कर लोकसभा चुनाव में उतर चुकी है। गठबंधन के अनुसार कांग्रेस को प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ना है। इसमें 9 सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिये गये है लेकिन अभी गांधी परिवार की

- **प्रदेश में गांधी परिवार को लेकर चर्चाएं तेज**
- **कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा, चर्चायें जरूर है फिर भी उम्मीद हैं कि गांधी परिवार लड़ेगा चुनाव**

परंपरागत सीटें अमेठी और रायबरेली पर कोई प्रत्याशी तय नहीं हुआ है।

इस कारण प्रदेश की इन दो प्रमुख सीटों को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है। सूत्रों के अनुसार गांधी परिवार की परंपरागत सीटों पर इस बार कोई अन्य प्रत्याशी चुनाव लड़ाने की तैयारी चल रही है। इन सीटों पर गांधी परिवार में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी और प्रदेश की पूर्व प्रभारी रहीं व पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी भी चुनाव नहीं लड़ेंगी। फिलहाल कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा





कि ऐसी चर्चायें जरूर चल रही है फिर भी हमें उम्मीद हैं कि राहुल गांधी अमेठी और प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी। इससे इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी और उनके लड़ने से उत्तर प्रदेश में अच्छा प्रभाव पड़ेगा। इस बार का लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक रहेगा। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और सपा एक साथ उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ रहे है। गठबंधन में कांग्रेस को 17 सीटें हिस्से में आयी। इन सीटों में से कांग्रेस ने 9 प्रत्याशी उतार दिये है। इसमें से सबसे हॉट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीट वाराणसी से उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव लड़ेंगे। इसके साथ ही देवरिया से राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह, बाराबंकी से पीएल पुनिया के बेटे तनुज पुनिया, अमरोहा से बसपा सांसद रहे दानिश अली हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए और अमरोहा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वहीं, फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार, बासगांव से सदल प्रसाद, झांसी से प्रदीप जैन आदित्य, कानपुर से आलोक मिश्रा और सहारनपुर से इमरान मसूद को टिकट की घोषणा कर दी गयी है। फिलहाल आठ सीटों पर अभी टिकट घोषित होना बाकी है। रायबरेली से पहले ही सोनिया गांधी ने चुनाव न लड़ने की घोषणा कर चुकी है, फिर भी उन्होंने रायबरेलीवासियों के लिए एक भावनात्मक संदेश दिया था। इससे यह कयास लगाये जा रहे थे कि गांधी परिवार से ही रायबरेली सीट से कोई चुनाव लड़ेगा, जिसमें सबसे पहला नाम प्रियंका गांधी का ही सामने आ रहा था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कमान संभालते ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव उत्तर प्रदेश से लड़ने की घोषणा कर दी थी। अभी सियासी फिजाओं में चुनाव न लड़ने की बातें तैर रही हैं लेकिन भविष्य में आठ सीटों के टिकट के बाद ही सही तस्वीर सामने आयेगी।

# महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी योगी सरकार

## शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 1540 करोड़ रुपये की धनराशि की जा चुकी है जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए करोड़ों भक्तों के प्रयागराज पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 2022 में दोबारा सत्ता संभालते ही

- **महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट की शुरुआत**
- **टूरिज्म और यात्री सुविधाओं के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट कार्य प्रगति पर**
- **कुल 384 प्रोजेक्ट्स के लिए 7500 करोड़ रुपए की धनराशि हो चुकी है स्वीकृत**

प्रयागराज में पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया है। इसी क्रम में सरकार महाकुंभ और महाकुंभ से इतर यहां 384 विकास परियोजनाओं पर 7500



करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इसके तहत सरकार अब तक शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 2228 करोड़ रुपए जारी भी कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ से संबंधित 284 प्रोजेक्ट्स के लिए 4462 रुपए से ज्यादा का फंड स्वीकृत किया गया है, जिसके सापेक्ष शुरू हो चुके 170 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 1540 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं तो वहीं, महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के लिए योगी सरकार ने 3057 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की थीए जिसमें शुरू हो चुके 80 प्रोजेक्ट्स के लिए 688 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है। कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के प्रोजेक्ट कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग के 5 प्रोजेक्ट भी हैं। इनमें 3 की शुरूआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह इरीगेशन डिपार्टमेंट के सभी 8 प्रोजेक्ट्स के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं। प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपएएयूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़ रुपए, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपए, हेल्थ एंड वेलफेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़ रुपए, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़ रुपए, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़ रुपए, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़ रुपए, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 8 करोड़ रुपए और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। वहीं गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी। महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमें टूरिज्स डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है। इसी तरह प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के 10 प्रोजेक्ट्स के लिए स्वीकृत 102 करोड़ रुपए में से 20 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यूपी ब्रिज के अंतर्गत 12 प्रोजेक्ट्स के लिए 620 करोड़ रुपए जारी हो चुके हैं तो पीडब्ल्यूडी के 18 प्रोजेक्ट्स के लिए 8 करोड़ और प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 17 करोड़ रुपए की राशि रिलीज की गई है। इरीगेशन डिपार्टमेंट के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 58 करोड़ और गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के 3 प्रोजेक्ट्स के लिए 496 करोड़ के फंड की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द राशि जारी किए जाने की संभावना है।

## अयोध्या के प्रमुख मार्गों पर स्थापित किये गये ई-चार्जिंग प्वाइंट

**लखनऊ/अयोध्या।** अयोध्या में इलेक्ट्रिक वाहन को अपनाने में तेजी लाने और परिवहन के सस्टेनेबल साधनों को उपयोग बढ़ावा देने के मकसद से अयोध्या विकास प्राधिकरण और टाटा पॉवर ने शहर में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। यहां चार्जिंग स्टेशन स्थापित करके अयोध्या और नजदीकी मुख्य शहरों के बीच महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी हो गई है। महत्वपूर्ण मार्गों, जैसे एनएच 27 की ओर से अयोध्या से लखनऊ के बीच, अयोध्या से रायबरेली, अयोध्या से प्रयागराज, और अयोध्या से गोरखपुर के बीच स्थित ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। बीते दिनों मंडलायुक्त कार्यालय स्थित एमएलसीपी पार्किंग में इन स्टेशनों का आधिकारिक अनावरण कर उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य शहरों को जाने वाले चार इलेक्ट्रिक वाहनों को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मौजूद महत्वपूर्ण अतिथियों में अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने कहा इन चार्जिंग स्टेशनों से न केवल शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार आएगा बल्कि प्रगति और पर्यावरण के एक नए युग की शुरूआत भी होगी।

## भाजपा और एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा और एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से रालोद के प्रत्याशी चंदन चौहान, नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार, सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी बुधवार को नामांकन करेंगे।

- **प्रत्याशियों के नामांकन में प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री और मंत्री लेंगे हिस्सा**

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और कैबिनेट मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर नामांकन सभा को संबोधित करेंगे जबकि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से रालोद के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार के नामांकन पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। इसी तरह पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर बुधवार को रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि सियासी समर में अब प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही सभा सम्बोधित करेंगे और ऐसे में प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार करने में पूरी तरह से जुट जायेंगे। शुरूआत पश्चिमी यूपी होने से नेताओं और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह हैं।

संक्षेप

## महिला कर्मी ने फंदे से लटक कर दी जान

बरेली। सिटी स्टेशन पर तैनात महिला कर्मी ने अपनी जान देकर मौत को गले लगा लिया। महिला कर्मी की मौत के बाद हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल महिला कर्मी ने फांसी क्यों लगाई इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उधर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बरेली सिटी स्टेशन पर प्वाइंट्स मैन के पद पर तैनात रेनू पासवान ड्यूटी करने के बाद अपने क्वार्टर पर चली गई थी। इसके बाद उनका शव क्वार्टर पर फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर रेनू ने सुसाइड क्यों किया। वही अभी वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है ड्यूटी के बाद रेनू ने क्वार्टर पर आकर गले में फंदा बांधकर जान क्यों दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस रेनू पासवान की कॉल डिटेल की जांच करेगी जिससे मामला साफ हो सकें।

## सड़क हादसे में दो की मौत

बरेली।ऑवला बरेली के ग्राम मनोना के समीप बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर स्थानीय लोगों के मुताबिक आंवला लठैता मोहल्ला निवासी रक्षपाल मोर्य पुत्र पंकज मौर्य 22 वर्ष सोमवार शाम को अपनी बहन के घर पेपल से लौट रहा था साथ में दूसरा युवक उमेश उम्र 22 वर्ष निवासी आँवला ताड़गंज गोटिया को सड़क के किनारे तालाब के नजदीक पड़े थे तभी ग्राम मनोना निवासी विशाल चौहान ने घटना की जानकारी 112 नंबर को दी तुरंत घटना स्थल पर डायल 112 नंबर व एंबुलेंस पहुंच गई अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

## युवक की कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के लम्भुआ क्षेत्र में होली के दिन पुरानी रंजिश की वजह से एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर कथित रूप से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें एक युवक की मौत हो गई तथा एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर शाम लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र स्थित भरखारी गांव में सोहन लाल गिरि और राम प्रकाश गिरि के पक्ष के बीच पुरानी रंजिश को लेकर एक बार फिर विवाद हो गया। देखते ही देखते एक पक्ष ने दूसरे पर कुल्हाड़ी और लाठी डंडों से हमला कर दिया। घटना में सोहन लाल गिरि, कमला देवी गिरि, मोहन गिरि और दयाशंकर गिरि घायल हो गए तथा सभी घायलों को आनन-फानन में लम्भुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने सोहन (30) को मृत घोषित कर दिया तथा अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अब्दुस सलाम ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक दल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। पीड़ित परिवार की तरफ से तहरीर मिली है तथा मुकदमा दर्ज कर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बच्चों को दौड़ाते समय गिरने से अधेड़ की मौत

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के आशापार निवासी छोटेलाल गुप्ता 49 वर्ष रविवार की रात अपने दरवाजे पर बैठे थे तभी गांव के कुछ छोटे बच्चे सम्मत जलाने के लिए गोबर का कंडा व लकड़ी इकट्ठा कर रहे थे तभी कुछ लड़कों ने कबीर गायी तो छोटेलाल बच्चों को दौड़ा लिए बच्चे भाग गये लेकिन छोटेलाल दौड़ते समय जमीन पर गिर गये और उनकों चोटें आयी परिजन व ग्रामीण लेकर उन्हें गगहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया सुचना मिलते ही सी ओ वांसगांव व थाना प्रभारी गगहा दिपक कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की तीन पुत्रियां व एक पुत्र है छोटी बेटी की शादी 24 अप्रैल को होनी है। मृतक आटो चलाकर जीवकोपार्जन करता था बेटा बाहर रहता है पिता की मौत की जानकारी मिलते ही वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा।अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# पुरानी रंजिश में होली पर पथराव

## 24 घंटे में ईंट लगने से दो की मौत



बरेली। होली पर दो हत्याओं से हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए। इसके साथ ही जांच शुरू कर दी है। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के इटौआ सुखदेवपुर गांव निवासी सूरजपाल (35 वर्ष) की होली के दिन हत्या कर दी गई। सूरजपाल के बड़े भाई ने मीडिया को बताया कि पड़ोसी लखपत सिंह से सूरजपाल का झगड़ा हो गया था। नाली के विवाद की पुरानी रंजिश को लेकर यह विवाद बढ़ गया। अपने साथी धर्मेंद्र, दिनेश, और अन्य साथियों की मदद से लखपत ने सूरजपाल पर हमला कर दिया। इन लोगों ने ईंट पत्थर और लोहे की रॉड हमला किया। इससे सूरजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने तहरीर देकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

शहर के बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर गोसाई गोटिया निवासी गोलू श्रीवास्तव (22 वर्ष) की होली के दिन ईंट मारकर हत्या कर दी गई है। इससे मृतक परिवार की होली की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि एक युवक शराब के नशे में पेंट उतारकर अश्लील हरकतें कर रहे था। उसको मना किया। इससे कहासुनी हो गई। आरोपी ने शराब के नशे में ईंट मार दी। उसकी मौत हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों में पथराव की बात सामने आई है। पथराव में कुछ लोग घायल हो गए थे। उनका डॉक्टर से इलाज चल रहा है। हत्या की सूचना पर तुरंत पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। इसके साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की मां तारा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार की तरफ से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। मृतक पेंट का काम करता था।

### रंग लगाने से किया मना, तो पथराव, बच्चे की हालत गंभीर

शहर के किला थाना क्षेत्र के गढ़ी चौकी के पास कुछ लोगों ने एक समुदाय के बच्चे को रंग लगा दिया। बच्चे ने रंग लगाने से मना किया। इससे खफा आरोपियों ने बच्चे पर पथराव कर दिया। बच्चा ईंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको निजी अस्पताल में इलाज को भर्ती किया है। पीड़ित बच्चे के परिजनों ने पुलिस से आरोपी विक्की, राहुल विशाल उर्फ चिंटू आदि के खिलाफ कार्रवाई को तहरीर दी है।

# होली पर ढोल और डीजे बजाने को लेकर विवाद, 4 घायल

पीलीभीत। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के कटकवारा गांव में सोमवार को ढोल और डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्ष आपस में भीड़ गए और एक दूसरे पर पथराव किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पथराव के बाद गोली चलने से एक युवक और मारपीट में तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को बरखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पीलीभीत मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने घटना स्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी बीसलपुर विशाल चौधरी ने बताया कि बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव कटकवारा में सोमवार को पूर्व और मौजूदा प्रधान पक्ष में विवाद व गोली चलने से एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब एक बजे लोग होली खेल रहे थे और ढोल एवं डीजे बजाया जा रहा था। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने उनके घर के सामने ढोल बजाने और डीजे लेकर निकलने का विरोध किया। इसे लेकर पथराव तथा मारपीट हुई। इस बीच, गोली चलने की बात सामने आयी। गोली लगने से बीसलपुर के गांव कौवाखेड़ा निवासी विमल घायल हो गया। मारपीट में गांव के अंकित, सत्यपाल और विनोद को चोट आई। घायलों का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। चौधरी ने बताया कि घटना के बाद गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## रामलीला अध्यक्ष सिद्धार्थ को चुना

जसवंतनगर, इटावा। यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नगर की मैदानी रामलीला के अध्यक्ष पद पर नगर के राज परिवार प्रमुख लाल सिद्धार्थ प्रसाद को चुना गया है। सोमवार देर शाम श्रीरामलीला समिति की एक आवश्यक बैठक में उन्हें सर्व सम्मति से चुन लिया गया है। इस प्रतिष्ठित पद पर अभी तक उनके पिता लाल शैलेंद्र प्रसाद रईस आसीन थे। जिनका पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। इस आवश्यक बैठक में हीरालाल गुप्ता, ठा. अजेंद्र सिंह गौर, राजीव बबलू गुप्ता, किशन सिंह यादव, राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट, डॉ. पुष्पेंद्र नाथ पुरवार, बृजनंदन शर्मा समेत अन्य सदस्य व आदि लोग शामिल थे।

## कार की टक्कर में महिला की मौत, दर्जनों घायल



प्रतापगढ़। अनियंत्रित कार की टक्कर से कार सवार महिला की दुर्घटना में मौत हो गयी। महिला की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अझारा निवासी राकेश चन्द्र पाण्डेय की पत्नी माधुरी पाण्डेय का इलाज कराकर परिजन रविवार को प्रयागराज से घर वापस आ रहे थे। नेशनल हाइवे प्रतापगढ़ रायबरेली के लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना चितरी के पास लखनऊ की तरफ से जिले के जामताली निवासी शैलेश कुमार मिश्र भी परिवार साहित घर जा रहे थे। इस बीच तिना चितरी के पास शैलेश की कार अनियंत्रित होकर ठेले में टकरा गई। कार ठेले से टकराती प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही कार को भी टक्कर मार दिया। दुर्घटना में कार सवार राकेश पाण्डेय की पत्नी माधुरी (45) की मौत हो गयी। जबकि करूणा पाण्डेय पत्नी राजेन्द्र कुमार पाण्डेय (52), आयुषी पाण्डेय पुत्री राकेश (22) तथा ओम पाण्डेय पुत्र राकेश (16) एवं चालाक जगदीश दुबे पुत्र जटाशंकर 39 घायल हो गये। वही ठेला चालक लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ निवासी मो मुनवर पुत्र हारून 45 को भी गम्भीर चोटें आयी है। घायलों का ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है। दूसरे पक्ष के शैलेश कुमार मिश्र व इनकी पत्नी सीमा तथा पुत्र अक्षय व पुत्रवधू रूची मिश्रा व डेढ़ वर्षीया अक्षय की पुत्री मेघा मिश्रा को भी आशिक चोटे आयी है। मौके पर पहुंची लीलापुर पुलिस शैलेश मिश्र को अपने साथ थाने ले गयी। इधर ट्रामा सेंटर में मृतका माधुरी के शव का लीलापुर पुलिस ने पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

## प्रमोद व मोना ने होली को आपसी प्रेम व भाईचारे का बताया महापर्व





प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने होली पर लोगों को शुभकामनायें देते हुए कहा है कि होली का पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारा को प्रदर्शित करने वाला त्यौहार है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि होली एक दूसरे के प्रति प्रेम से अभिभूत होकर अपनी प्रसन्नता का इजहार करने वाला महापर्व है। नेताद्वय ने कहा कि अनेकता में एकता को दशार्नें वाले इस पर्व से यह साफ परिलक्षित होता है कि यद्यपि कि भारत में विविध जाति एवं धर्म को मनाने वाले लोग रहते है किन्तु वे आपस में एक दूसरे से अगाध प्रेम व स्नेह भी किया करते है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना का होली पर संयुक्त संदेश यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# हर नागरिक को सूचना के अधिकार का मिलेगा लाभः सूचना आयुक्त

## राज्य सूचना आयुक्त का अधिवक्ताओं ने किया सम्मान



प्रतापगढ़। प्रदेश के नवनियुक्त राज्यसूचना आयुक्त प्रदुम नारायण द्विवेदी ने कहा कि हर नागरिक को सूचना के अधिकार को लेकर आयोग पारदर्शिता की कार्यवाही सुनिश्चित बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि सूचना का अधिकार भारतीय लोकतंत्र का लोगों को प्राप्त सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार साबित हुआ है। रविवार को स्थानीय निरीक्षण गृह पहुंचे सूचना आयुक्त प्रदुम नारायण द्विवेदी का यहां लोकनिर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल के संयुक्त नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राज्य सूचना आयुक्त से मिलकर जिला मुख्यालयों पर सूचना अधिकार को लेकर समीक्षा के लिए विशेष प्रकोष्ठ के गठन का भी प्रस्ताव सौपा। सूचना आयुक्त ने इस प्रस्ताव को आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद आयोग के समक्ष रखे जाने का वकीलों को भरोसा दिलाया। राज्य सूचना आयुक्त प्रदुम नारायण द्विवेदी के स्वागत समारोह का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने किया। इसके पहले राज्य सूचना आयुक्त का जिले की अगई सीमा पर समाजसेवी पप्पू तिवारी की अगुवाई में स्वागत किया गया। बरीबोझ गांव में पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त ने लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अधिकाधिक मतदान के लिए भी प्रेरित किया।यहां अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी तथा पप्पू तिवारी व सौरभ शुक्ला ने सूचना आयुक्त को अंगवस्त्रम् तथा माल्यार्पण कर ग्रामीणों की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार पकंज कुमार ,शासकीय अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी, राजेश तिवारी, प्रवीण शुक्ल, अरविंद चौबे, सतेन्द्र प्रताप सिंह ,रामबहादुर यादव, पकंज दुबे, शैलेश मिश्र, अरविंद पाण्डेय आदि रहे।

## बस-पिकअप की टक्कर में नौ घायल

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा ब्लाक मुख्यालय के समीप फोरलेन पर रविवार की सुबह सवारियों से भरी दोहरीघाट डिपो की बस और पीकप में भिडंत हो गयी। हादसे में बस में सवार नौ से अधिक लोग घायल हो गये। दोहरीघाट डिपो की बस सुबह गोरखपुर जा रही थी। बस ब्लाक मुख्यालय के सामने पहुंची थी इसी दौरान सामने से आ रही पिकप से टक्कर हो गयी। दुर्घटना में एक तरफ दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये वहीं बस में सवार कुशीनगर के रवि प्रताप, रत्नेश, बिट्टू, बासगांव के अजय, महराजगंज के हेमंत, अभिनव, देवरिया के विशाल और पंकज, आजमगढ़ के आशुतोष मिश्रा सहित डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गये। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। सीएचसी अधीक्षक बृजेश कुमार बर्नवाल ने बताया कि एक व्यक्ति को जिला अस्पताल भेजा गया है। बाकी प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गए।

# वार्षिकोत्सव में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बंधी समां



प्रतापगढ़। नगर क्षेत्र के पूरे हरिकिशुन वर्मा नगर स्थित सरोजनी कान्वेन्ट स्कूल में वार्षिकोसत्व में मेधावियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मनमोहक बनाया। वही कार्यक्रम में विद्यालय के सफल छात्र-छात्राओं को मेधा सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव तथा मुख्य अतिथि अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने मॉ सरस्वती के चित्र के सामने श्रद्धापूर्वक दीप जलाकर किया। सास्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने देश भक्ति गीतों तथा आकर्षक भाव नृत्य की छठा बिखेरी। प्रभात मिश्र, प्रियतम, आनन्द, आदित्य, सौम्या, रिद्वी, के हम होगे कामयाब की वतनपरस्ती के जज्बें के साथ शुरू हुए वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां उत्साह भरे आयोजन का आगाज लिये दिखा। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों में देश की एकता से जुड़ा लोकरंग भी निखार लिये देखा गया। प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों तथा मेधावियों की उपलब्धियों के बारे में बताया। समारोह को सम्बोधित करते हुए ऑल इण्डिया रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने भी बच्चों का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रमों में बच्चों का प्रस्तुतिकरण का कौशल उल्लास भरी प्रस्तुतियों में हुआ। वही प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव तथा अतिथियों ने विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्र-छात्राओं को मेडल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया। आवार्ड पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे दिखे। कार्यक्रम में सुहानी, आरिषा, आस्था सिंह, सस्कृति, श्रद्वा, आंशिका, प्रियषा, वंश, वन्या, अनु, अरू जायसवाल, के भाव नृत्य तथा गीत व सत्यम शिवम सुन्दरम् की प्रस्तुति समूचे आयोजन को चार चांद लगा गया। निर्देशन अजय श्रीवास्तव तथा संचालन रेदा फारूकी व निजर वर्मा ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में सोनी जायसवाल, रिचा श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, उत्कर्स, राहुल वर्मा, जुबैरिया का सराहनीय योगदान दिखा। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, विशाल मिश्र, शुभम श्रीवास्तव, अभिनव शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

बकेवर, इटावा। होली के त्यौहार पर लखना चकरनगर मार्ग स्थित एक धर्मकांटा के पास आमने सामने हुई दो मोटरसाइकिलों की भिडन्त नें दो लोग गम्भीर रूप से घायल हुए। लखना पुलिस चैकी पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जितेन्द्र पुत्र सूरजपाल निवासी गुलाब की गढिया थाना बढपुरा इटावा अपनी मोटरसाइकिल से लखना की ओर से जा रहा था कि तभी सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार शिवम पुत्र सियाराम निवासी महेवा मंदिर की भिडन्त हो गयी जिससे दोनों मोटरसाइकिल सबार गम्भीर रुप से घायल हो गये जिनको लखना चैकी इंचार्ज ललित कुमार व प्रीतिपाल ने जिला अस्पताल भर्ती कराया।

## सक्षम इकाई की बैठक 29 को

इटावा। सक्षम जिला इकाई की बैठक 29 मार्च दिन शुक्रवार को सुबह 9 बजे से जिलाध्यक्ष आदित्य यादव के आवास नौरंगाबाद पर होगी।

## शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर समाज के नहीं पूरे देश का मान, सम्मान : सोमेंद्र तोमर



मेरठ। शहीद स्मारक, भैसाली, मेरठ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से 1857 की क्रान्ति के जनक, महानायक अमर शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर की प्रतिमा की स्थापना कराने के लियें रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्यमंत्री डा0 सोमेन्द्र तोमर के कार्यालय पर विभिन्न गांवों के समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा सोमेन्द्र तोमर के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अमर शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर की प्रतिमा लगवाने में उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री डा0 सोमेंद्र तोमर के दिन रात किये गये कार्य व समर्पण के चलते क्षेत्र के करीब 50 गांवो के गुर्जर समाज के सैकड़ो प्रतिष्ठित व्यक्ति इकट्ठा होकर ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर के कार्यालय पर पहुंचे। गुर्जर समाज के लोगो ने डॉक्टर सोमेंद्र तोमर का फूल मालाओं, ढोल नगाड़ों के साथ शाल ओढाते हुए पूरे सर्व समाज की तरफ से पगड़ी बांधकर सम्मान किया। गुर्जर समाज के वरिष्ठ नेता भोपाल सिंह गुर्जर, प्रधानाचार्य सुनील भड़ाना, पप्पू प्रमुख, गुर्जर महासभा के सचिव विरेन्द्र सिंह, संजीव प्रधान गडिना, नवाब सिंह लखवाया सहित समाज के लोगो के कहा कि 10 मई 1857 की क्रांति के महानायक अमर शहीद धन सिंह कोतवाल जी की प्रतिमा शहीद स्मारक, मेरठ में लगवा कर जो ऐतिहासिक और पुण्य कार्य राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर द्वारा किया गया है उसके लिए गुर्जर समाज, सभी ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, मंडल अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य जिम्मेदार व्यक्ति उनका हृदय से धन्यवाद देते है। इस अवसर पर कोतवाल साहब के वंशज वीर महेन्द्र सिंह, बालक राम, गुर्जर महासभा सचिव विरेन्द्र सिंह, प्रदीप पार्षद पावटी, प्रवीण प्रधान अफजलपुर पावटी, पप्पू प्रमुख, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहन गुर्जर किनोनी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष आयुष चपराना, शास्त्रीनगर मण्डल अध्यक्ष ललित मोरल, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू गगोल, जिला पंचायत सदस्य पति विपिन भड़ाना, धूम सिंह गगोल, अमरीश चपराना, रजनीश पंवार, अमित भड़ाना, सुनील चेयरमैन नरहाड़ा, विरेन्द्र चेयरमैन बहादरपुर आदि मौजूद रहें।

## होली पर धरा गया गैंगस्टर अंकित यादव



बरेली। होली पर गैंगस्टर का अपने घर पर आना भारी पड़ गया। जिसके बाद फरार चल रहे गैंगस्टर अंकित यादव को पुलिस ने धर दबोचा। बता दें, बीती 23 फरवरी को सदर हवालात में लगी खिड़की की सलाखें काटकर दो आरोपी फरार हो गए थे जिसमें कोतवाली के बिहारीपुर ढाल निवासी अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी सचिन सैनी फरार हो गए थे। इस मामले में कोतवाली में दोनों के खिलाफ फरार होनें की रिपोर्ट दर्ज की गईं। एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने दोनों पर 20 - 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। सचिन सैनी को पुलिस कुछ दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि अंकित फरार चल रहा था। वहीं अंकित होली के लिये परिवार से मिलने बिहारीपुर आया तो पुलिस ने उसे दबोच लिया। इस दौरान भागने की कोशिश में उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। इसके चलते पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। अंकित यादव शातिर बदमाश है। गैंगस्टर, जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में 58 मुकदमे दर्ज हैं।

# लोकतंत्र को कुचल रही मोदी सरकारः प्रमोद तिवारी

## उपनेता ने चुनावी बाण्ड घोटाले तथा महंगाई व रोजगार के अवसर घटने पर बोला बीजेपी पर तगड़ा हमला



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर देश की घरेलू तथा वैदेशिक क्षेत्र में लगातार कमजोर प्रर्दशन को लेकर तगड़ा हमला बोला है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार की अर्थनीति के साथ विदेश तथा रक्षा नीति में भी कमजोर इच्छा शक्ति के चलते देश की साख पर चौतरफा आंच आ रही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि चीन ने पहले से ही मोदी सरकार की कमजोरी का फायदा उठाते हुए एक बड़े भारतीय सीमावर्ती भू-भाग पर कब्जा कर रखा है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि चीन को सरकार सही जबाब देने में विफल रही जिसके चलते अब चीन भारत के अभिन्न अंग अरूणाचल पर दावा ठोकने की दुस्साहसिक हिमाकत कर रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा इस समय सत्ता खोने के भय में लोकतंत्र में तानाशाही की पराकाष्ठा पर आ पहुंची है। रविवार को रामपुर खास के दौरे पर पहुंचे राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि चुनावी बाण्ड को लेकर बीजेपी की असलियत देश की जनता के सामने आ चुकी है। उन्होने कहा कि अब जबकि यह सबको पता चल गया है कि भाजपा ने देश के धनपशुओं को ऐंजेसी का डर और भय दिखाकर बड़ा घोटाला किया है तो वह अब लोकसभा चुनाव के ठीक समय सवैधानिक पदों पर बैठे अपने राजनैतिक विरोधियों के खिलाफ अलोकतात्रिंक कार्यवाही कर रही है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब पन्द्रह दिन के भीतर दो दो मुख्यमंत्रियों को सिर्फ राजनैतिक बदले के साथ केन्द्र में बैठी भाजपा चुनावी चंदे के गुण्डा टैक्स से ध्यान भटकाने के लिए लोकत्रंत को कुचलने वाली कार्यवाही पर अमादा हुई है। उन्होने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ ईडी की कार्यवाही तब हुई है जब आप इण्डिया गठबंधन का लोकसभा चुनाव में सहयोगी बन गयी। उन्होने कहा कि सही समय पर जनता यह भी तय करेगी कि आखिर बीजेपी के खिलाफ आवाज उठाने वाले सिर्फ विपक्ष शासित राज्यों में ही ईडी और सीबीआई की धमक मोदी सरकार के कार्यकाल में क्यं दिखी है ? उन्होने कहा कि भाजपा ने अर्थव्यवस्था को पटरी से उतरने दिया इसलिए आज मंहगाई के साथ रोजगार के अवसरों का घटना लम्बे समय से देश में चिंता का माहौल बनाये है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का अपना चुनावी भरोसा जताया था। लेकिन पिछले दस वर्षो में नई नौकरियों का सृजन तो दूर जो पहले से रोजगार में थे वे भी आज बेरोजगार हो गये है। उन्होने कहा कि रोजगार को लेकर अब तक जितने भी स्वतंत्र आकणे सामने आये है वह डेटा भी साफ बता रहा है कि युवाओं को नई नौकरियां तो नही मिल सकी बल्कि सरकारी एवं गैर सरकारी कम्पनियों में कामगार श्रमिकों तक की छंटनी के चलते नौकरियां कम हो गयी।

संक्षेप

## होली पर मारपीट कई नामजद

गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव विलियमगंज निवासी चंदन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही सुनील, रोहित, रवि और श्यामू ने मारपीट की। छोटे और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। वही विपक्षी श्यामू ने चंदन, रामू, धर्मेंद्र और राहुल पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव करनपुर मूर्तिहा निवासी संतोष कुमार ने गांव के ही दीपक और रामसनेही पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। शहर में भी होलिका दहन और रंग वाले दिन छिटपुट घटनाएं हुई। जिसमें मोहम्मदी मार्ग पर होलिका दहन की देर रात किसी बात को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई। सोमवार को रंग वाले पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दोनों पक्षों कुछ लोगों को कोतवाली में बैठा लिया। हालांकि शाम को उन्हें बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया गया। वर्मा मार्केट में विवाद के चलते तमाम बाइकों को कोतवाली में खड़ा कर लिया गया था। जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।

## गाय का कराया गया अंतिम संस्कार

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के मोहल्ला शुक्लापुरम में मृत पड़ी गाय का अंतिम संस्कार जर्मन होम्योपैथी रिसर्च फाउंडेशन व केंद्र के संरक्षको निर्देशकों व बजरंग दल की टीम देव जुनेजा की उपस्थिति में कराया गया। वहीं जर्मन होम्योपैथी रिसर्च फाउंडेशन के संस्थापक डॉ0 वी0 बी0 धुरिया ने बताया हमारे मोहल्ला शुक्लापुरम में करीब दो दिन से एक गाय मृत पड़ी थी जिसका अंतिम संस्कार आज हमारी संस्था के संरक्षको व बजरंग दल की टीम द्वारा सनातनी रीति रिवाज से पूजा अर्चना के बाद नगर पालिका से आई जे0 सी0 बी0 की सहायता से मृत गाय का अंतिम संस्कार कराया गया।

## सी-विजिल एप पर करें निर्वाचन की शिकायतें

जौनपुर । उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जी.आइ.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है। शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्तर्गत ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। निस्तारण के पश्चात विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा।

# धूमधाम से मनी होली, जमकर उड़े रंग-गुलाल




गोला गोकर्णनाथ,खीरी। रंगों रंगों का पर्व होली क्षेत्र में परंपरागत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रंग बरसै चुनरवाली रंग बरसै, होली के दिन दिल मिल जाते हैं, रंगों में रंग खिल जाते हैं आदि गीतों की धुन पर जगह-जगह युवा थिरकते नजर आए।

रंगपर्व होली की उमंग सोमवार भोर से ही शुरू हो गई थी जब मेला मैदान, मुन्नूगंज, मालगोदाम रोड, चीनी मिल कालोनी, विकास चैराहा व लखीमपुर रोड सहित जगह जगह लगी होलिकाएं परंपरागत ढग से जलाई गईं और लोगों ने इसकी पूजा व परिक्रमा करते हुए लोकगीत गाते हुए पर्व का स्वागत किया। सुबह से ही रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था। रंग का दौर थमने के बाद लोगों का एक दूसरे घरों आकर गले मिलने के सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। घरों में होली का मुख्य पकवान गुझिया के साथ तरह-तरह के व्यंजन पकाए गए। इन्हीं व्यंजनों से आगंतुकों का स्वागत किया गया। वहीं पुलिस प्रशासन ने शहर में सुरक्षा के मद्देनजर कड़े इंतजाम किए हैं। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## धूमधाम से निकली नगर में शोभायात्रा आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र में प्रशासन की सतर्कता से होली का त्यौहार बड़े धूम धाम से मनाया गया। कस्बा धौरहरा में धूमधाम से गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

कस्बे के रामवाटिका धाम से होली की शोभायात्रा सोमवार को सुबह 11 बजे से धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें वृंदावन से आये कलाकारों की सुंदर सुंदर झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा रामवाटिका से सिनेमा चौराहा होते हुए नागेश्वर मंदिर से कोतवाली मेंन रोड होते हुए बाजार से निकलकर ठाकुरद्वारा होते हुए पुनः रामवाटिका में समापन किया गया। डीजे पर जमकर बच्चों ने डान्स किया। मंगलवार को रामवाटिका धाम में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र से आये लोगो ने एक दूसरे के गले मिल होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान भगौती प्रसाद शुक्ला, समलिया प्रसाद मिश्र, अवधेश मिश्रा, आशुतोष मिश्र, योगेंद्र मिश्र,श्याम बाबू शुक्ला, सहित नगर वासी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी दिनेश सिंह, कस्बा इंचार्ज रामजीत यादव सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## होली पर ढोल और डीजे बजाने को लेकर विवाद, 4 घायल

पीलीभीत । बरखेड़ा थाना क्षेत्र के कटकवारा गांव में सोमवार को ढोल और डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्ष आपस में भीड़ गए और एक दूसरे पर पथराव किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पथराव के बाद गोली चलने से एक युवक और मारपीट में तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को बरखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पीलीभीत मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने घटना स्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी बीसलपुर विशाल चौधरी ने बताया कि बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव कटकवारा में सोमवार को पूर्व और मौजूदा प्रधान पक्ष में विवाद व गोली चलने से एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब एक बजे लोग होली खेल रहे थे और ढोल एवं डीजे बजाया जा रहा था। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने उनके घर के सामने ढोल बजाने और डीजे लेकर निकलने का विरोध किया। इसे लेकर पथराव तथा मारपीट हुई। इस बीच, गोली चलने की बात सामने आयी। गोली लगने से बीसलपुर के गांव कौवाखेड़ा निवासी विमल घायल हो गया। मारपीट में गांव के अंकित, सत्यपाल और विनोद को चोट आई। घायलों का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। चौधरी ने बताया कि घटना के बाद गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। होली का पर्व क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दिन नशे की हालत और हुडदंग में बेलगाम तरीके से युवाओं के बाइक चलाने के कारण क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक सड़क दुर्घटना के मामले सामने आए। शहर के मोहल्ला स्टेशन रोड निवासी पियूष (25) पुत्र चंद्रा त्रिपाठी, मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी योगेन्द्र सिंह (28) पुत्र गोविन्द सिंह, मोहल्ला ऊंची भूड निवासी अंकुर शुक्ला (24) पुत्र राजीव शुक्ला, लक्ष्मनजती निवासी बीरू (25) पुत्र रामस्वरूप, कंजा निवासी अंकित कुमार (23) पुत्र मदनलाल, फत्तेपुर गांव निवासी सचिन वर्मा (30) पुत्र महेन्द्रपाल, नत्थूपुर गांव निवासी रविन्द्र (30) पुत्र नत्थूलाल, फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम मूडा निवासी अवधेश कुमार (26) पुत्र चंद्रभाल, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम निजापुर निवासी वीरेन्द्र कुमार (37) पुत्र रामविलास और इनकी पत्नी गीता देवी (35) धिरावां गांव निवासी अफजल (18) पुत्र सफीउद्दीन,कुरैया गांव निवासी विकास कुमार (17) पुत्र लेखराम, मूडा विश्नू निवासी अरविन्द कुमार (25) पुत्र आशाराम, अजान गांव निवासी विजय कुमार (35) पुत्र मिही लाल, व कलावती पत्नी सतीश (55),, भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुंधिया निवासी पंकज (24) पुत्र जयचंद, मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम सरकारपुर निवासी किशन (23) पुत्र विनोद कुमार, पसियापुर गांव निवासी मिथुन (23) पुत्र रामपाल, नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी अल्ताफ (18) पुत्र नसीम अहमद होली पर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने अंकित कुमार, अफजल, मिथुन व किशन को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया है।

## छात्र- छात्राओं ने रंग खेलकर मनायी होली

पिहानी/हरदोई। शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर पिहानी मे भैया बहनों एवं आचार्य बंधु भगिनी के द्वारा होली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रंगों के पावन पर्व होली पर सरस्वती शिशु मंदिर पिहानी के छात्र-छात्राओं ने उड़ाया रंग और गुलाल एक दूसरे को रंग लगाकर दी शुभकामनाएं। होली के पावन पर पर छात्र-छात्राएं अपने घर से रंग और गुलाल लेकर आए। और स्कूल में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खूब मस्ती की। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबन्धक, गोपाल कृष्ण गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष, ब्रजेश गुप्ता, ने आचार्य बंधु भगिनी को विद्यालय वेश देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य बिंदु सिंह, आचार्य कौशल, अखिलेश, अक्षय, अमरता, सुषमा, निशा, दीक्षा, महिम, आदि उपस्थित रहे।

## खेत में मादा टाइगर का मिला शव



पलियाकलां खीरी। साउथ खीरी वन विभाग के अंतर्गत महेशपुर रेंज में आने वाली देवीपुर बीट के गांव परवरिश नगर मे गांव निवासी रामदयाल पुत्र हीरालाल के गेहूं के खेत में मादा टाइगर का शव बरामद हुआ। टाइगर की उम्र लगभग 8-9 वर्ष बताई गई। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी डीएफओ संजय कुमार विश्वाल, वन विभाग टीम व पुलिस की मौजूदगी में बाघ के शव को महेशपुर रेंज ले जाया गया। टाइगर का शव पीएम के लिए आर वी आर आई भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जत नगर बरेली भेज दिया गया। वहां पर पीएम होने के बाद टाइगर की मौत का कारण आपसी संघर्ष होने की जानकारी मिली है। साउथ खीरी के डीएफओ संजय कुमार विश्वाल ने बताया कि मुख्य वन संरक्षक लखनऊ मंडल लखनऊ की रेनू सिंह इस घटना की जानकारी लेने आयेंगी।

## रिहायशी मड़हा और गोमटी में लगाया आग

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर । जिले के मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नान्हू के पूरा गांव में होलिका फूंकने के बहाने अराजकतत्वों ने रिहायशी मड़हा और गोमटी में रखा सामान फूंक दिया। इससे घर गृहस्थी व दुकान का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद परिवार दाने-दाने का मोहताज व छत विहीन हो गया है।

रविवार की रात नान्हू के पूरा गांव निवासी राजेश गौतम पुत्र राम लखन गौतम खाना खाकर अपने परिवार सहित अपने रिहायशी मड़हे में सोया हुआ था। आरोप है कि रात दो बजे अराजकतत्वों ने उसके रिहायशी मड़हे में आग लगा दी। आग की लपटों में घिरा परिवार किसी तरह से बाहर निकला तो देखा कि मड़हे के बगल गोमती में रखी चाय पान की दुकान भी धू-धू कर जल रही थी। शोर सुनकर गांव के लोग दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक रिहायशी मड़हा और चाय पान की दूकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। अगलगी में लाखों का सामान जल गया। घटना के बाद राजेश गौतम का परिवार जहां एक तरफ दाने- दाने का मोहताज हो चुका है वहीं दुकान भी जलने के कारण रोजी- रोटी के भी लाले पड़ गए हैं। पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी रात में ही मिली आनन-फानन मौके पर पहुंचा। प्रथम दृष्ट्या यह लग रहा है कि बगल में जली होलिका की चिंगारी से घटना हुई है। भुक्तभोगी ने गांव के ही कुछ लोगों पर मड़हा और दुकान को जलाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मामले तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## हाइटेंशन तार की चपेट से दो महिलाएं , 4 बच्चे झुलसे

जिला संवाददाता(vol)

इकदिल, इटावा। बैसोलीघाट गांव में बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से चार बच्चे और दो महिलाएं झुलस गईं।

बिजली विभाग की लापरवाही से हुए हादसे के बाद आनन-फानन में घायलों को इकदिल थाना पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां से डाक्टर ने चारों बच्चों को गंभीर हालत में उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के लिए रेफर कर दिया। हादसे से गांव में रंगों को त्योहार होली बेरंग हो गया। गांव में 11 हजार वोल्टेज की लाइन लंबे अरसे से घरों के समीप पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग में जाकर शिकायत की, इसके बावजूद इस लाइन को यहां से नहीं हटाया गया। इसकी वजह से हादसा हो गया। हादसा तब हुआ जब बच्चे छत पर खेल रहे थे। इसी दौरान 13 वर्षीय श्वेता पुत्री लाल सिंह, राकेश के तीन बच्चे 10 वर्षीय रीना, चार वर्षीय प्रिया, आठ वर्षीय ऋषि को खेलते समय करंट लग गया। करंट से बचाने के की कोशिश में लड़ैती देवी व गंगाश्री भी चपेट में आकर झुलस गईं। हादसा होने के बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारी-अधिकारियों ने मौके पर जाना मुनासिब नहीं समझा। जबकि एएसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, थानाध्यक्ष भीमसेन पौनिया, हल्का इंचार्ज रामौतार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। गांव में हाईटेंशन लाइन के खुले तारों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विभाग के अधिशासी अभियंता एसके मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर छह लोगों के करंट से झुलसने की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा बताया जा रहा है कि बच्चे या किसी महिला द्वारा कपड़ा, रस्सी गलती से फेंकने का प्रयास किया गया, जो लाइन के संपर्क में आ गया और घटना घटित हो गई। लाइनमैन को मौके पर भेज दिया गया है।

## शिक्षकों के वेतन रोकने की कार्रवाई पर लगायी रोक

हरदोई। परिषदीय स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाओं पर की जाने वाली कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा है कि शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षणोत्तर कर्मी पर शासनादेश और सरकारी सेवक नियमावली के तहत ही कार्यवाही तय की जाए।

बताते चले कि अभी तक परिषदीय स्कूलों में निरीक्षण करने में नजर आने वाली खामी पर,लेट-लतीफी या फिर और किसी और लापरवाही के चलते शिक्षक-शिक्षिकाओं पर उनके वेतन रोकने की कार्रवाई की जाती थी,लेकिन अब महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इस पर रोक लगाते हुए बीएसए के नाम अपने पत्र संख्या महा.नि./ एमआईएस/ 15110/2023-24 22 मार्च 2024 में कहा है उ.प्र.सरकारी सेवक( अनुशासन एंव अपील ) नियमावली 1999 और उ.प्र.बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में किसी शिक्षक या शिक्षणोत्तर कर्मी के वेतन या वेतन वृद्धि पर रोकने लगाने का कोई ज़िक्र नहीं किया गया है। महानिदेशक कंचन वर्मा ने आगे कहा है कि ऐसी किसी भी कार्रवाई में शासनादेश या नियमावली की अनदेखी नही की जाने चाहिए। किसी मामले में प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शासनादेश और नियमावली के तहत की कोई कार्यवाही की जाए और की गई कार्रवाई को मानव संपदा पोर्टल पर ई-सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाए।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट में हैंवरा की टीम विजयी

इटावा। स्वाधीनता संग्राम के दौरान लाल सेना का प्रमुख छापामार केंद्र रहे लोहिया गांव में चंबल संग्रहालय परिवार ने वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला हेवरा और कुसेली टीमों के बीच हुआ, जिसमें हेवरा की टीम विजेता बनी। कड़ी टक्कर देने वाली कुसेली की टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम में अतिथि विकास भदौरिया, अशोक यादव और चंद्रवीर चौहान ने विजेता रही हेवरा टीम के कप्तान विकास और उपविजेता कुसेली टीम के कप्तान आलोक कुमार को शील्ड व प्रतीक चिह्न प्रदान किए। आयोजन समिति की तरफ सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न ट्राफी दी गई। इस अवसर पर वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति से जुड़े धर्मेन्द्र सिकरवार, राधाकृष्ण शंखवार, अटल बिहारी, अमर सिंह तोमर, सूरज सिंह शाक्य, सुदीप बाथम, अनिकेत, जयेन्द्र चौहान आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। चंबल परिवार के संयोजक चन्द्रोदय सिंह चौहान ने कहा कि चंबल परिवार चंबल अंचल के तीनों प्रदेशों में निरंतर सामाजिक-सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियां आयोजित करता रहता है। लोहिया गांव का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में खास स्थान है। यह आजाद हिंद फौज की तर्ज पर बनी लाल सेना के कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया का गांव है और भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान यह लाल सेना का छापामार केंद्र रहा था। लोहिया गांव से कई क्रांतिकारी लाल सेना में शामिल हुए थे जैसे जहीरुद्दीन, अंगद सिंह आदि। कार्यक्रम के आयोजक चंबल संग्रहालय की स्थापना महान क्रांतिकारी पत्रकार पंडित सुंदरलाल के जन्मदिवस पर 26 सितंबर 2018 को हुई थी। इसका मकसद स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों और चंबल की गौरवशाली लोक संस्कृति, परंपरा, विरासत और धरोहरों के संरक्षण और नई पीढ़ी के चेतना निर्माण के लिए शोध, अनुसंधान और प्रकाशन है। चंबल संग्रहालय के लिए शोध सामग्री की तलाश और और उसका अध्ययन निरंतर चल रहा है। बदलते समाज के साथ पुरानी वस्तुओं और धरोहर की चीजों के नष्ट होने का खतरा बढ़ गया है। संग्रहालय वे स्थान होते हैं जहाँ आप अपने पुरखों की चीजों को एकत्रित करके रख सकते हैं और उन्हें समय और मौसम के असर से नष्ट होने व खोने से बचाया जा सकता है। चंबल संग्रहालय समाज में बिखरे ज्ञान के इस अमूल्य स्त्रोत को सहेजने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने के मिशन में जुटा हुआ है। संग्रहालय चंबल अंचल के तमाम गाँवों और वहाँ के निवासियों, किसानों, छात्रों, बुद्धिजीवियों व अन्य सभी सुधी जनों से लगातार संपर्क कर रहा है। चंबल संग्रहालय में चंबल अंचल और क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज, पत्र, गजेटियर, हाथ से लिखा कोई पुर्जा, डाक टिकट, सिक्के, स्मृति चिह्न, समाचार पत्र-पत्रिकाएँ, पुस्तकें, तस्वीरें, वीडियो, पुरस्कार, सामग्री-निशानी, अभिनंदन ग्रंथ, पांडुलिपियाँ आदि ऐतिहासिक महत्व की सामग्री संरक्षित की गई हैं। समाज की ओर से भी चंबल संग्रहालय को काफी सहयोग मिल रहा है. इस निरंतर बढ़ते ज्ञानकोश के कारण चंबल संग्रहालय देश-विदेश के शोधार्थियों के बीच एक सेतु का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है।

## नगर में आज निकलेगी कलश यात्रा

धौरहरा-खीरी। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी होली के पावन पर्व पर गोस्वामी तुलसीदास की कर्मस्थली राम वाटिका धाम में संत श्री तुलसीदास महोत्सव एवं श्रीराम नाम महायज्ञ संत समागम व रासलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो 27 मार्च से 6 अप्रेल तक चलेगा। राम वाटिका धाम उत्थान समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रीराम नाम महायज्ञ एवं श्रीकृष्ण रासलीला शुरू होगी। संरक्षक भगवती प्रसाद अग्रवाल ने जिले के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने और सहयोग करने की अपील की है। रामवाटिका धाम, उत्थान समिति के संरक्षक भगवती प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि तुलसीदास की कर्मस्थली रामवाटिका धाम में 27 मार्च से 6 अप्रेल तक संत समागम व रासलीला एवं श्रीराम नाम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बरसाना, मथुरा के कलाकारों के द्वारा दिन में रामलीला और रात में रासलीला का मंचन किया जाएगा।


**Format C-7**

**(For political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

**(As per the commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13-02-2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)**

**Name of Political Party** : SAMAJWADI PARTY
**Name of the election** : LOK SABHA GENERAL ELECTION -2024
**Name of State/UT** : UTTAR PRADESH

**(1) Name of the Constituency-** **26 - PILIBHIT (Lok Sabha General Election -2024)**
**Name of the Candidate-** **BHAGWAT SARAN GANGWAR**

| Sl no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal Antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. - U/S - 188 I.P.C.<br>2. - U/S - 171 H I.P.C. & 60(1) Excise Act |
| | b. | Case No. | 1. - Case 2140 / 2023<br>2. - Case No: 22/2024 |
| | c. | Name of the Court | 1. - Addl. Civil Judge S.D. - 2 Bareilly<br>2. - Addl. Civil Judge S.D. - 2 Bareilly |
| | d. | Whether Charges have been framed or not (Yes/No) | 1. - NO, 2. - NO |
| | e. | Date of conviction, if any | N/A |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N/A |
| | g. | Any other information required to be given | 1.- Case Crime No: 28/2008, Police Station- Kotwali Bareilly<br>2.- Case Crime No: 73/2022, Thana Nawabganj Bareilly |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualification, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Selected candidate has outstanding service, Honesty image among people. He is social worker, working in the area of education . Health specially to weaker sections. He has been providing food and ration to the needy all the time. He is the best candidate in this area. Seeing these reasons, the party made him a candidate. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | Because Mr. Bhagwat Saran Gangwar is better than other applicant. |

**(2) Name of the Constituency - 26 - PILIBHIT (Lok Sabha General Election -2024)**
**Name of the Candidate - BHAGWAT SARAN GANGWAR**

S/o **Chunni Lal**, R/o H. No: 99, Village- Ahamadabad, PS - Hafizganj, Tehsil - Nawabganj, Dist.- Bareilly, U.P. and so on

*In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

Signature of office bearer of the Political Party

Name and designation - Rajendra Chaudhari, National Secretary, Samajwadi Party

संक्षेप

## संदिग्ध हाल में युवक की मौत

**रुद्रपुर, देवरिया।** उपनगर के मस्जिद वार्ड निवासी धनंजय पटवा के 17 वर्षीय पुत्र प्रियांशु पटवा की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर में अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। होली के एक दिन पहले नगर क्षेत्र में हुई इस घटना से सभी लोग स्तब्ध रह गए। वहीं दंत चिकित्सक के परिवार में मातम छा गया।

## मंदिर पर रह रहे अधेड़ की मौत

**रुद्रपुर, देवरिया।** दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर काफी दिनों से रहकर अपना जीवन निर्वाह कर रहे एक अधेड़ की रविवार को मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर समाजसेवी सुनील शुक्ला, हरेंद्र सिंह त्यागी सहित आधा दर्जन लोगों ने नगर पंचायत के सहयोग से उसका अंतिम संस्कार शिवपुरी में कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी नाम का उक्त व्यक्ति बिहार का निवासी था जो काफी दिनों से मंदिर पर ही रह रहा था।

## कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता ने किया मनोरंजन

लखनऊ। लखनऊ का सुप्रसिद्ध शॉपिंग डेस्टिनेशन लुलु मॉल वैसे तो हर त्यौहार को यादगार खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ता है पर इस बार उसने हर्षोल्लास के त्यौहार होली पर एक नही बल्कि कई प्रोग्राम से जनता का मनोरंजन करने की ठानी। जिसमे मशहूर कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता का स्टैंडअप, डीजे जाद का डीजे बोनांजा और कई मनोरंजक कार्यक्रम हुए, फूड स्टॉल पे ग्राहकों ने अपने मनपसंद फूड का लुफ्त उठाया, साथ ही ग्राहकों ने भरपूर मनोरंजन भी किया। लुलु मॉल और फीवर एफएम ने साथ मिलकर इस शानदार शाम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक हुआ, जिसमे ग्राहकों ने भी प्रतिभाग लिया। कॉमेडी, डीजे, विभिन्न कलात्मक ऐक्टिविटीज ने इस शाम को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा होली का त्योहार आपसी सौहार्द का त्योहार है जिसमे हम सब कुछ भूलकर सिर्फ खुशियां मनाते हैं। और लुलु मॉल हमेशा से ग्राहकों की खुशियों का ख्याल रखता आया है। इसी वजह से हमने इस बार हसीं की पिचकारी, और म्यूजिक का डबल डोज ग्राहकों को दिया जिससे ग्राहक झूमने पर मजबूर हो जाएं।

## सुप्रिया श्रीनेत को कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी वापस लेनी चाहिए : हेमा मालिनी

वृंदावन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को कंगना रनौत के खिलाफ की गयी अपनी टिप्पणी वापस लेनी चाहिए। हेमा मालिनी ने भाजपा द्वारा हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से कंगना को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद विपक्षी नेता की कंगना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों का विरोध करते हुए यह बात कही। हेमा ने रनौत को एक साहसी और स्पष्टवादी महिला करार देते हुए कहा कि वह राजनीति के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। मथुरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुकीं हेमा मालिनी ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा, जब आप खुद एक महिला हों।

# एसपी ने होली के दृष्टिगत किया पैदल गस्त



**देवरिया।** एसपी संकल्प शर्मा द्वारा होली त्यौहार के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु एएसपी उत्तरी श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर श्री अंशुमान श्रीवास्तव तथा सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मय पुलिस टीम के साथ थाना कोतवाली व थाना रुद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे पुलिस बल का निरीक्षण करते हुए पैदल गस्त किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने अधिकारियों के साथ पैदल गस्त कर शांति व्यवथा का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा द्वारा होली त्यौहार के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली व थाना रुद्रपुर में क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर श्री अंशुमान श्रीवास्तव व संबन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ भ्रमणशील रहकर प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षर दक्षिणी श्री भीम कुमार गौतम द्वारा थाना श्रीरामपुर में क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी श्री शिव प्रताप सिंह व सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर चौराहों आदि पर लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी व क्षेत्राधिकारी बरहज द्वारा अपने-अपने सर्किल के समस्त थानों में भ्रमणशील रहकर चौराहों, कस्बों, बाजारों आदि में लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में होली त्यौहार व आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा दिनांक 25 मार्च को कच्ची शराब, अवैध देशी शराब व अंग्रेजी शराब के विरूद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण थानावार निम्नवत है:- एकौना पुलिस द्वारा 01 एक अभियुक्त रामबली यादव पुत्र स्व0 तीरथ यादव साकिन एकौना सरांव बुजुर्ग थाना एकौना जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए चालान न्यायालय करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा 1 एक अभियुक्त कैलास पाल पुत्र स्व. राम प्यारे पाल सा. बांस देवरिया थाना कोतवाली जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। बघौचघाट पुलिस द्वारा 1 एक अभियुक्त मोहन गुप्ता पुत्र रामशकल गुप्ता सा0 डोमनपुरा थाना बघौचघाट जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 09 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए चालान करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। श्रीरामपुर पुलिस द्वारा 1 एक अभियुक्त शशिकान्त कुमार उर्फ पवन पुत्र बच्चा राम निवासी ग्राम अम्मरपुर थाना दरौली जनपद सीवान (बिहार) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 38 पीस किंगफीशर बीयर कुल 19 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए चालान न्यायालय करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

थाना सलेमपुर पुलिस ने 1 एक अभियुक्त अष्टभुज कुमार पुत्र विरेन्द्र प्रसाद निवासी मझौलीराज मेन चौराहा वार्ड नं0- 2 थाना सलेमपुर जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 28 शीशी देशी बंटी बबली अवैध शराब बरामद करते हुए चालान करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की।

निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षर दक्षिणी भीम कुमार गौतम द्वारा थाना श्रीरामपुर में क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह व सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर चौराहों आदि पर लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी व क्षेत्राधिकारी बरहज द्वारा अपने-अपने सर्किल के समस्त थानों में भ्रमणशील रहकर चौराहों, कस्बों, बाजारों आदि में लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ खेली जमकर होली



**देवरिया।** रविवार, शहर के भटवलिया स्थित विधायक शलभ मणि त्रिपाठी के आवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सदर विधायक ने जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और पार्टी कार्यकताओं तथा नगर वासियों के साथ जमकर होली खेली तथा जनपद वासियों को आपसी सौहार्द के प्रतीक होली महा पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने समस्त जनपद वासियों को सौहार्दपूर्वक होली मानने की अपील की। एमएलसी डा रतनपाल सिंह ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थि रहे तथा होली के गानों पर जमकर थिरके।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों को दी होली की बधाई

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जनपदवासियों को रंगों, खुशियों और भाईचारे के त्यौहार होली की बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि होली, रमजान गुडफ्राइडे त्यौहारों पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अबाध विद्युत तथा जलापूर्ति, साफ सफाई की विशेष ब्यवस्था के लिए मुकम्मल तैयारी की गई है। विजली आपूर्ति की शिकायतों को तत्काल दूर करने के लिए 8004930620, जलापूर्ति के लिए 1800 180 1383 व 1535 नम्बरों को जारी किया गया है। होली के अवसर पर इमरजेंसी स्वास्थ सेवा 108 को अलर्ट पर रख गया है। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने होली की बधाई देते हुए लोंगों से आपसी सौहार्द्र और प्रेम के साथ पर्व को मनाने की अपील करते हुए बताया है पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। होलिका दहन स्थलों से लेकर हर जगह पुलिस की तैनाती कर हुड़दंगियों, पियक्कड़ों पर विशेष नजर रखते हुए उनपर कार्यवाई के निर्देश दिए गए हैं। सम्बंधित थानों की पुलिस पूरे क्षेत्र में गश्त पर रहेगी। अधिकारी द्वय ने जनपदवासियों से जिले की धार्मिक सहिष्णुता, भाईचारे की पहचान को बनाये रखने की अपील किया है।

## खस्ताहाल खरजवा-भंडारी सड़क पर चलना मुश्किल

**देवरिया।** जिला मुख्यालय के पूर्वी भाग और महुआ पाटन -सोनुघाट सड़क और देवरिया - सोनुघाट मुख्य सड़क को जोड़ने वाली मुख्यालय की खरजरवा-भंडारी 3 कि०मि० सड़क न केवल मुख्यालय के लोंगों बल्कि दर्जनों गांवों के लिये सरदर्द बन गयी है। मुख्यालय के न्यू कालोनी, खरजरवा, आदि वार्डों के लोग शहर के जाम से बचने के लिए इस सड़क के जरिये सोनुघाट पहुंचकर बरहज सलेमपुर मुख्य मार्ग से अपनी यात्रा करते हैं। न्यू कालोनी जिसे अब देवरिया का मेडिकल हब कहा जाने लगा है साथ ही जिले के पूर्वी हिस्से के दर्जनों गांवों, और बिहार से जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज आने वाले मरीज और उनके तीमारदार शहर के जाम से बचने के लिये इसी सड़क से मुख्यालय पहुचते हैं। मरम्मत और निर्माण के अभाव में जर्जर हो चुकी इस सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। खराब सड़क पर प्रतिदिन गिरते पड़ते, चोटिल होते लोग विभाग और जनप्रतिनिधियों को कोस अपनी नाराजगी ब्यक्त करने को मजबूर हैं। जनहित में इस खस्ताहाल सड़क का निर्माण आवश्यक हो गया है।

## होली मनाये जाने को लेकर असमंजस कहीं 25 तो कहीं 26 को मनाने की तैयारी

**देवरिया।** जिले में होली मनाने को लेकर लोग असमंजस की स्थिति में हैं। बताया जा रहा है कि होलिका दहन के अगले दिन होली मनाने की सामान्य परम्परा मानकर कुछ क्षेत्रों में 25 मार्च को तो वहीं पंचांग के अनुसार होली 26 मार्च को मनाने की सलाह दी गयी है। बिहार के सहित जिए के समीपवर्ती गांवों में 25 मार्च को होली मनाने की तैयारी है। इस बीच सोसल मीडिया पर प्रसारित हो रहे ₹ स्वादानुसार होली 25 मार्च को, पंचांग के अनुसार होली 26 मार्च को ₹ लोग चटकारे लेकर चर्चा कर रहे है। अपने अपने पक्ष में दोहरा रहे हैं। विदित हो कि विगत वर्षों में रंगोत्सव के त्यौहार होली पर मांस मछली, मुर्गा और शराब का विशेष रंग चढ़ता दिख रहा है। गांव गांव होने फगुवा, होरी गीतों की आवाज और थाप की आवज लगातार कम होती जा रही है। होली के अवसर पर बनने वाले पकवानों को इस खान- पान से कड़ी टक्कर लेनी पड़ी रही है। एक तरफ जहां रंग, अबीर, मेवे, मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही वहीं दूसरे पक्ष के लोग अपनी खाने - पीने की सामग्री की ब्यवस्था में जुट गए हैं।

## होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**रुद्रपुर, देवरिया।** होली का त्यौहार दो दिन को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रही जहां आधा से अधिक लोगों ने सोमवार को तथा नगर के लोग मंगलवार के होली का त्योहार धूम्धम से मनाया त्यौहार दो दिन पड़ने पर शांति दिखाई दी वहीं सरकारी छुट्टी सोमवार को होने के नाते मंगलवार को मदिरा की दुकाने खुली रही जहां मदिरा प्रेमियों ने राहत की सांस ली। बताते चले की तिथि के विसंगत को लेकर दो दिन के त्योहारों की असमंजस की स्थिति बनी रही जहां नगर में नगर पंचायत द्वारा एनाउंस करा कर मंगलवार को होली मनाने की तिथि घोषित की गई थी जहां ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को ही होली मना ली गई नगर में मंगलवार को शांतिपूर्वक होली मनाई गई वहीं सरकारी कार्यालय सहित बैंक मदिरा की दुकानो की सार्वजनिक छुट्टी सोमवार को थी क्योंकि होली नगर में मंगलवार को मनाई गई जिससे सभी मदिरा की दुकान व बैंक मंगलवार को खुले रहे। होली के त्यौहार में युवा एंजॉय करते देखे गए जह डीजे पर रंगों के त्यौहार का मजा लेते हुए अपने सारे कपड़े फाड़ दिए पुलिस भी नगर में भ्रमण कर सतर्कता बरती रही छिटपुट मारपीट को छोड़कर त्यौहार में शांति बनी।

## जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में जीत पर अखिलेश ने दी बधाई

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) नई दिल्ली छात्रसंघ चुनाव में जीत पर छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पीडीए की एकजुटता ने समेकित रूप से सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की। उन्होंने कहा भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से बुरी तरह हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई। जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूं ही हराते रहने व देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनायें। अखिलेश यादव ने आशा की है कि जेएनयू के छात्रों की तरह देश भर के युवा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा राज में फैली अभूतपूर्व बेरोजगारी, पेपर लीक होने की वजह से कहीं ह्यनौकरी न मिलने की हताशा और इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में फैले भाजपा के अथाह भ्रष्टाचार को हमेशा के लिए दूर करने के लिए, महंगी पढ़ाई और चतुर्दिक महंगाई से त्रस्त अपने परिवारों और आसपास के लोगों को भी भाजपा के खिलाफ मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही इस बार लोकसभा व अन्य चुनावों में युवा मतदान स्थल पर आखिरी क्षण तक फर्जी मतदान पर सजग निगाह रखे। साथ ही अखिलेश यादव ने कहा कि ईवीएम के सीलबंद होने तक ईवीएम मशीन रखने के स्थान तक मशीनों के सुरक्षित पहुँचने तक ईवीएम के गोदामों पर 24 घंटे हर तरफ से चतुर्दिक चौकीदारी करने, किसी को ईवीएम गोदामों के आसपास फटकने न देने के लिए लामबंद रहने और मतगणना के दिन सक्रिय रहकर हर तरह से नजर रखने व चुनाव परिणाम आने व जीत का सर्टिफिकेट न मिल जाने तक डटे रहने का काम करें। इस सजगता से ही लोकतंत्र की रक्षा की जा सकती है और जनता के हित में सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं।

## देश की जनता मोदी के साथ खड़ी हुई है : भूपेन्द्र चौधरी



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को सपा को परिवारवादी पार्टी बताते हुए कहा कि सपा घर-घराने और नाते-रिश्तेदारों से आगे नही बढ़ पाई है। उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस के युवराज मोहब्बत की दुकान खोले घूम रहे है, उन्हें बताना चाहिए कि उनके गठबंधन के साथी सपा प्रमुख की सरकार में मुजफ्फरनगर दंगों को लेकर उनको क्या कहना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मंगलवार को मुरादाबाद में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी सर्वेश सिंह के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहे।

इस अवसर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में जो काम हुए हैं, उन कामों को लेकर हम जनता के बीच में आये हैं। उन्होंने मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए जनता जनार्दन से मतदान में बढ़चढ़ कर भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है वह संकल्प अवश्य पूरा होगा। देश की जनता मोदी के साथ खड़ी हुई है। मोदी की वजह से दुनिया में भारत की जो प्रतिष्ठा और मान सम्मान बढ़ा है, वह अकल्पनीय था।

## उड़े रंग-गुलाल : चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था



**देवरिया।** प्रेम, हर्ष और उल्लास का पर्व होली जिले में दो दिन 25 व 26 मार्च को धूमधाम से मनाई गई। दोनों दिन लोंगों ने खुब रंग और गुलाल उडाकर और एक दूसरे से मिलकर रंगोत्सव मनाया। जगह जगह दी जे की धुंन पर नाच गाकर खुशियां मनाया। इस दौरान लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम के प्रतीक पर्व को मनाया। होली को लेकर जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। होलिका दहन से लेकर पर्व के दोनों दिन जिले की पुलिस इस वर्ष विशेष चौकस रही।

वैसे तो होली का पर्व देश के अनेक स्थानों पर सोमवार को ही मना दिया गया था। लेकिन गोरखपुर मंडल और बस्ती मंडल में पंचाग के अनुसार अधिकांश स्थानों पर होली आज मनाई गई। इस दौरान लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर होली मनाये। इस दौरान बच्चे सुबह से ही पिचकारी लेकर धमाल मचा रहे थ होली को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में एएसपी उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा होली त्यौहार के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली व थाना रुद्रपुर में क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव व संबन्धित प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष के साथ भ्रमणशील रहकर प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया। इस वर्ष होली की तिथि को लेकर जहां असमंजस रहा तो वहीं सोमवार और मंगलवार को होली मनाने को लेकर होली के पहले ही इस बात की चटखारे लेकर चर्चा जारी रही। होली सोमवार को और पंचांग के अनुसार मंगलवार को। इसबीच दो दिन होली मनाये जाने से लोंगों को एकदूसरे जगह जाकर मनाये जाने का मौका भी मिला।

# परिषदीय विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



- बीईओ ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

जिला संवाददाता (vol)

**रुद्रपुर, देवरिया।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत रविवार को छात्रों का शैक्ष ?णिक भ्रमण कराया गया। ब्लाक संसाधन केन्द्र से खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह ने परिषदीय विद्यालयों के छात्रों के टूर को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। छात्रों ने गोरखपुर में नक्षत्र शाला, प्रा ?णि उद्यान और नौका विहार का भ्रमण किया।

आरएए के तहत जूनियर छात्रों का क्विज प्रतियोगिता कराने के बाद सौ छात्रों का भम्रण कराने के लिए चयन कराया गया था। बीईओ ने कहा कि राष्ट्रीय अविष्कार अ ?भियान के तहत छात्रों का शैक्ष ?णिक टूर कराया गया। छात्रों में समावेशी ?शिक्षा की मजबूती के लिए प्र ?शिक्षण के अलावा टूर की गतिवि ?धियों को बल दिया जा रहा है। विज्ञान शाला, पौराणिक तीर्थ स्थल आदि जगहों से उनमें शिक्षा के प्रति उत्सुकता बढ़ जाती है। इस अवसर पर एआरपी सत्यवान यादव, विजय बहादुर यादव, नर्वदेश्वर मणि, प्रवीण यादव, पूनम देवी, सुनीता देवी, मनोज भाटिया, अमरेश कुमार, अजय कुमार और जयराम आदि मौजूद रहे।

## लाभार्थियों संग होली मनायेगा किसान मोर्चा : पवन मिश्र

जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा देवरिया लोकसभा के रामपुर, देवरिया और पथरदेवा विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन डाक बंगला परिसर देवरिया में हुआ।

होली मिलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि किसान मोर्चा पदाधिकारी सरकार की योजनाओ का लाभ पाने वाले लाभार्थियों के साथ होली का त्यौहार मनाएंगे।

उन्होंने कहा कि होली के दिन किसान मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी अपने-अपने बूथ पर लाभार्थियों से सम्पर्क कर उन्हें अबीर-गुलाल लगाकर उनके साथ सेल्फी लेकर सरल एप पर अपलोड करें। होली मिलन कार्यक्रम में पदाधिकारियो ने एक-दूसरे को फूल और अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया, लोकगायक प्रमोद पाण्डेय, बलवन्त सिंह ने लोकगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री काशीपति शुक्ल ने किया।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय, किसान मोर्चा के मुकेश राय, अजय दुबे वत्स, रविन्द्र सिंह, सुब्रत सिंह, आदित्य सिंह, अरुण मिश्र, चन्द्र प्रकाश तिवारी, रामाश्रय यादव, प्रभुनाथ पाण्डेय, कृष्णमोहन उपाध्याय, सुब्रत सिंह, डॉ विनोद पाण्डेय, सुमन्त चतुवेर्दी, सुनील कुमार, मनीष तिवारी उपस्थित रहे।

# होली खेल रहे नंदलाल...ने जीता सभी का दिल

- भाजपा लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल लगाकर मनाया होली उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा हजरतगंज स्थित राज भवन के 9 नंबर आवास पर होली मिलन समारोह आयोजन हुआ। इसमे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आये हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गुलाल रंग लगाकर गले मिलकर शुभकामनाएं दी। वही शाम को भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह द्वारा आयोजित गोमतीनगर स्थित आईएमआरटी कॉलेज में होली मिलन कार्यक्रम में भजन गायक किशोर चतुर्वेदी ने भजन हमारे राम बड़े हितकारी, होली खेल रहे नंदलाल.., आज बृज में होली से राशियां, ए री सखी मंगल गाओ.. भजनों की प्रस्तुति से समा बांध रखा। यहां सभी भाजपा के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी मनाई। एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। ढोल नगाड़े व होली के गीतों पर सभी ने डांस किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और सद्भाव का त्योहार है। गोमतीनगर स्थित आईएमआरटी कॉलेज के होली मिलन समारोह में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, अवध प्रांत प्रचारक कौशल, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, मुख्यमंत्री मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, एलएमसी मुकेश शर्मा, राम चंद्र प्रधान, पवन चौहान, अपर्णा बिष्ठ, उपविजेता रजनीश गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव, भाजपा महानगर महामंत्री त्रिलोक चंद्र अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अनुराग साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहे। **हर्षोल्लास से साथ मनाया होली का पर्वः** होली के पावन पर्व पर आलमबाग स्थित आवास पर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने होली उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने आवास पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को रंग गुलाल लगाकर, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं ढोल नगाड़े एवं परंपरागत होली के गीतों की मस्ती अलग ही देखने को मिल रही थी। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी आवास पहुंचकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली के पावन पर्व शुभकामनाएं दी।

## छात्राओं से आपत्तिजनक हरकत पर प्रधानाचार्य गिरफ्तार

बुलंदशहर। बुलंदशहर जिले के एक प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य को छात्राओं के साथ आपत्तिजनक हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अरनिया थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया कि गांव के प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रताप सिंह छात्राओं से आपत्तिजनक हरकत करते हैं, जिससे नौ से 12 साल की छात्राओं ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। शिकायत के अनुसार छात्राओं ने परिजनों को बताया कि प्रधानाचार्य उन्हें गलत नीयत से छूते हैं। इसमें कहा गया कि प्रधानाचार्य ने यह बात किसी को भी बताने पर परीक्षा में फेल करने और स्कूल से नाम काटने की धमकी भी दी।

संक्षेप

## नवयुवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

महोबा। मुख्यालय के मोहल्ला गांधीनगर निवासी लगभग 20 वर्षीय युवक मनीष उर्फ भरत गुप्ता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की मुख्यालय के रामकथा मार्ग में दुकान है। सोमवार की दोपहर को उसने दुकान का शटर बंद करके फांसी लगाकर जान दे दी। जब वह दुकान से घर नहीं आया तो परिजनों ने दुकान में जाकर देखा तो शटर अंदर से बंद थी तथा मृतक का फोन भी नहीं उठ रहा था। परिजनों ने जाली से झांककर देखा तो मनीष का शव फंदे पर लटक रहा था। जिसकी सूचना तत्काल सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर विच्छेदन के लिये भेज दिया है तथा जांच शुरू कर दी है। असमय हुई इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## 16 पेटी अवैध शराब बरामद

बांदा। जनपद मे अपराध एवं अपराधियों व अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस की संयुक्त टीम ने 16 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल व अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा के कुशल निर्देशन में सोमवार को कोतवाली देहात पुलिस तथा आबकारी की संयुक्त टीम ने 16 पेटी शराब बरामद की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चार पहिया वाहन की तलाशी की जिसमे 16 पेटी अवैध देशी शराब मस्तीह ब्रांड बरामद की। वाहन के कागजात न होने के कारण वाहन को भी सीज किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों मे धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, वीरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय वृंदावन निवासी ग्राम पल्हरी, थाना कोतवाली नगर व मनोज कुमार वर्मा पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम बरेदी का पुरवा गुरेह थाना कोतवाली देहात शामिल रहे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे कोतवाली देहात प्रभारी सुखराम सिंह, उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, हेड कां0 जावेद अली, महेश्वर त्रिपाठी, अभय कुमार, कां0 सौरभ दुबे तथा आबकारी निरीक्षक अर्पणा द्विवेदी, कां. सुधीर पांडे, राजेश कुमार, महिला कां0 आरती रहीं।

## इलेक्ट्रिक दुकान में लगी आग, भारी नुकसान

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा में मंगलवार को लगभग 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग जाने से ढाई लाख रुपए के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख हो गए। पैलानी डेरा में सुनील कुमार मिश्रा की इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई। मकान मालिक इंद्रभान सिंह ने धुएं को देखकर सुनील कुमार मिश्रा को जानकारी दी। दुकान मालिक ने पड़ोसियों के साथ हैंडपंप से आग बुझाई। जानकारी मिलने पर पैलानी पुलिस भी पहुंच गयी। पीड़ित दुकानदार सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से टच मोबाइल, पंखा, प्रेस व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया है। एसडीएम शशि भूषण मिश्रा ने बताया कि मौके पर लेखपाल को भेजा गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद शासन की गाइडलाइन के अनुसार आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

बांदा। अतर्रा थानाक्षेत्र के ग्राम खमहौरा निवासी सुभाष सिंह 23 पड़ोसी दोस्त रामजी कुशवाहा के साथ उसके ससुराल बिसंडा के ग्राम अमवा होली खेलने गया था। देर शाम लौटने के दौरान ओरन बाजार के पास ब्रेकर से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी बिसंडा में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सुभाष की मृत्यु हो गई जबकि रामजी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चचेरे भाई संजय ने बताया कि सुभाष के पिता फूल सिंह की चार वर्ष पहले बीमारी से मृत्यु हो गई थी। सुभाष दो भाइयों में छोटा था। गांव में मजदूरी करता था। मां मीना देवी घर में परचून की दुकान चलाती हैं। घटना से परिजनों का बुरा हाल है।

## अवैध तमंचा समेत युवक पुलिस हिरासत में

ललितपुर। थाना बार में तैनात उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने सरकारी जीप संख्या यू.पी. 94 जी. 0207 से गश्त के दौरान अपने हमराह हे.कां. आनंद कुमार, कां.विकास सिंह, व चालक वीरेन्द्र सिंह के साथ गश्त के दौरान ग्राम वस्तगुवां के पहले गोवन कुशवाहा के खेत वाले कुंआ के पास से खिलान कुशवाहा पुत्र दुर्गाप्रसाद को हिरासत में ले लिया।

# होली मिलन में जमकर बरसे रंग

## घंटों फाग, गुलाल, डांस और मस्ती का दौर चला




ललितपुर। बुन्देलखण्ड विकास सेना तत्वाधान में इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति भाईचारा, उत्साह उमंग और बुन्देली लोक संस्कृति को संजोने वाला 33 वां रंगारंग कार्यक्रम स्थानीय कम्पनी बाग में मनाया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल रहे। राज्यमंत्री मनोहरलाल और प्रदीप जैन आदित्य ने संगीत की धुनों पर जमकर ठुमके लगाये। राज्यमंत्री ने कहा कि बु.वि.सेना द्वारा अनेक वर्षों से आयोजित करने वाले ऐसे कार्यक्रम हमारी बुन्देली संस्कृति को प्रोत्साहित करते रहते है। उन्होंने ने बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का समर्थन करते हुए कहा कि यह संस्था अनेक वर्षों से बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण की लड़ाई लड़ रहे हैं और अब बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का समय आ रहा है और वो इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से बात करेंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि ललितपुर में बु.वि. सेना का मनाया जाने वाला आयोजन पूरे बुन्देलखण्ड में अभूतपूर्व है। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों में प्रेम और सद्भाव बढ़ाते हैं। इस दौरान लोक संस्कृति से ओत-प्रोत लोक कला सोसाइटी नृत्य मण्डली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर फ्रेण्ड्स ऑर्केस्टा के कलाकारों ने सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों के माध्यम से जमकर तालियां बटोरी। बुन्देली फाग, अबीर, गुलाल, डांस मस्ती के माध्यम लोगों ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया।

तत्पश्चात बुन्देली पारम्परिक पकवान और लजीज भोजन ने लोगों को चटखारे लेने मजबूर कर दिया। इस दौरान लकी ड्रा के माध्यम से जनता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि के अलावा सदर सी.ओ. अभय नारायण राय, प्रदीप चैबे, जगदीश लोधी, धर्मेन्द्र गोस्वामी, महेन्द्र मयूर, प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, गंधर्व सिंह, वी.के.सरदार, कौस्तुभ चैबे, राम बुंदेला, डा.राजकुमार जैन, डा.रामगोपाल साहू, डा.अरविन्द दिवाकर, मनवीर तोमर, डा.दीपक चैबे, डा.रोहित सुडेले, महेन्द्र यादव, अजय पटैरिया, सिद्धार्थ शर्मा, रामकिशोर मुखिया, नवनीत किलेदार, अमर विश्वकर्मा, रामू कुशवाहा, प्रशांत शुक्ला, संतोष शर्मा, सुनील समैया, विजय गोस्वामी, महेन्द्र अग्निहोत्री, गोपी डोडवानी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, नवीन समैया, का.जिनेन्द्र जैन, विजय जैन, राजेन्द्र गुप्ता, विक्की किलेदार, अमित जैन, मनोज शर्मा, स्वदेश नायक, बृजमोहन संज्ञा, विजय जैन, अरमान कुरैशी, विलास पटैरिया, उदित रावत, राजमल बरया, संतोष चैबे, दिनेश गोस्वामी एड., अवधेश देशमुख, सुनील अग्रवाल, देवीसिंह मामा, मुकेश बाबा, मनोज, राजीव, कन्हैया नामदेव, रवि चैहान, लाखन स्वामी, सोनू पाठक, सुदेश सोनी, महेश नामदेव, अखिलेश, रविन्द्र पाठक, अजय, शुभम देवलिया, फूलचन्द्र रजक, नितेश बंटी, टिंकू बड़घरिया, दीपक जैन, मनोज पंचम, पुष्पेन्द्र शर्मा तथा लोक कला सोसायटी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम फ्रेण्ड्स ऑर्केस्ट्रा के अन्य सामाजिक संगठन के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन विजय जैन और बृजमोहन रिछारिया ने व आभार बुविसे प्रमुख हरीश कपूर ने व्यक्त किया।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट

ललितपुर। घर में अकेली महिला से गाली-गलौज व मारपीट करते हुये घर में रखी मोटर साइकिल व अन्य सामान के अलावा ट्रैक्टर की तोड़फोड़ करने का मामला थाना बार क्षेत्र के ग्राम डुलावन से प्रकाश में आया है। पूरे प्रकरण में महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचन शुरू कर दी है। ग्राम डुलावन निवासी प्रियंका पत्नी राजेश यादव ने थाना बार पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह घर में थी। तभी उसके ही खानदान के अशोक यादव पुत्र लक्खी यादव, त्रिलोक पुत्र अशोक यादव और तालबेहट के ग्राम बड़ेहार निवासी बलवीर व पंचम पुत्रगण वीरन यादव हाथों में हथियारों से लैस होकर आये और गाली-गलौज करते हुये उसके साथ लाठी-डण्डों व लात-घूसों से मारपीट करने लगे। महिला की चीख-पुकार सुनकर गांव में रहने वाले कृष्णपाल पुत्र मुखिया ठाकुर, सुरेन्द्र विश्वकर्मा व वीरन यादव मौके पर आये और बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने घर में रखी मोटर साइकिल, टी.बी. अन्य सामान के अलावा घर के बाहर रखा हुआ ट्रैक्टर भी तोड़ दिया और जाते हुये पुलिस से शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाया।

# मौलाना तौकीर रजा खां की तबीयत बिगड़ी

## दिल्ली रवाना, 27 मार्च को मौलाना की अदालत में पेशी

बरेली। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की हालात में सुधार नहीं होने के चलते निजी अस्पताल के डाक्टर ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर किया। इसके बाद परिजन मौलाना को लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां की हालत में सुधार न होने के चलते निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर किया है जिसकी जानकारी आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने साझा की। मुनीर ने सुबह तड़के जानकारी देते हुए बताया कि मौलाना तौकीर रजा खां हार्ट के मरीज हैं पिछले साल उनके हार्ट में स्टंट पड़ चुका हैं।

बीते शनिवार की रात अचानक उनके सीने में दर्द उठा इसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही सोमवार को मौलाना को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जिसके बाद खुशलोक के डॉक्टर ने उन्हें हायर सेंटर रेफर किया हैं। सुबह मौलाना के परिजन मौलाना को इलाज के लिये दिल्ली लें गए हैं। हालांकि 2010 के दंगे के मुख्य आरोपी माने गए मौलाना को 27 मार्च कों बरेली की अदालत में पेश होना हैं ऐसे में मौलाना की तबियत बिगड़ गईं। इससे पहले फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने मौलाना को दंगे का मास्टरमाइंड मानकर मौलाना के खिलाफ गैर वारंट जमानती जारी किया था। जिसके बाद मौलाना शहर छोड़कर चले गए थे। उनके निवास पर भी ताला लटका था। अदालत नें मौलाना का गैर जमानती वारंट जारी किया। जिसको उनके निवास पर चस्पा भी किया गया। इस दौरान मौलाना हाई कोर्ट की शरण में चले गए थे। वही इस मामले में बरेली में भी कोर्ट बदलने की अर्जी दाखिल की गई थी। फिलहाल मौलाना का मामला दूसरे कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया है। वही मौलाना को हाई कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली थी। हाई कोर्ट नें मौलाना को 27 मार्च तक निजी अदालत में पेश होने के आदेश दिए थे।

# परचून की दुकान से बेची जा रही थी अंग्रेजी शराब

## पुलिस ने दबिश देकर भारी मात्रा में पकड़ा अंग्रेजी-देशी एवं बियर का जखीरा

जिला संवाददाता (vol)

ललितपुर। रंगों के त्यौहार होली पर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद रहा। जिले भर में शराब की दुकानों को निर्धारित समय तक के लिए बंद रखने के निर्देश जारी हुये थे। प्रशासनिक आदेश के बावजूद भी अंग्रेजी शराब के ठेकेदारों ने मिलीभगत कर परचून की दुकान से शराब की बिक्री करा दी। मुखबिर की सूचना पर नई बस्ती चैकी पुलिस ने दबिश देकर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में अंग्रेजी शराब के ठेकेदार, सेल्समेन समेत दस लोगों पर धोखाधड़ी, षड़यन्त्र और अवैध शराब की बिक्री करने को लेकर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नई बस्ती चैकी प्रभारी उप निरीक्षक विनीत कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने साथ महिला उप निरीक्षक अनीता देवी, उप निरीक्षक विवेक धामा, कां.संदीप पाल के साथ 1.30 बजे होली सम्बन्धित शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए मोहल्ला चांदमारी में गश्त कर रहे थे और होलिका दहन उपरान्त वापस जाने लगे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि शराब बंदी के दौरान भी पिता-पुत्र द्वारा परचून की दुकान से अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है और भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर का अवैध भण्डारण किया गया है। सूचना मिलने पर नई बस्ती चैकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दविश दे डाली। इस दौरान मौके से पुलिस ने जीआरपी थाना सिविल लाइन क्षेत्र निवासी वंशी पंथ पुत्र अमान पंथ व दीपक पंथ बताया। पुलिस के अनुसार वंशी पंथ व दीपक पंथ के दोनों हाथों में थैला था, जिसमें विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी शराब व बीयर रखी हुयी थी। पुलिस के अनुसार मौके से कुल 8 पेटी अंग्रेजी बीयर, 42 क्वाटर अंग्रेजी शराब, 23 हाफ अंग्रेजी शराब, 5 फुल बोतल अंग्रेजी शराब, 1 पेटी देशी शराब बरामद की गयी। पुलिस ने बताया कि पकड़ी गयी अंग्रेजी शराब के क्यू.आर. कोड पर कूट रचना की गयी थी। यह भी बताया गया है कि होली पर्व पर शराब बंदी के दौरान अधिक रुपया कमाने के चक्कर में परचून की दुकान से अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की गयी थी। इस प्रकरण में अंग्रेजी शराब ठेका मालिक अरविन्द राय, रवि शिवहरे, भूपेन्द्र से मिली भगत कर सेल्समैन के जरिए यह शराब खरीदी गयी थी और रेलवे स्टेशन के निकट शराब ठेका के मालिक विशाल जायसवाल से मिलीभगत कर सेल्समेन से देशी शराब खरीदी और रेलवे स्टेशन के पास ही स्थित दुकान के मालिक रामप्रताप राय से मिलीभगत कर सेल्समेन से भारी मात्रा में बीयर खरीदी गयी थी। पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि उक्त ठेका मालिकों द्वारा षड़यंत्र करके आगामी लोकसभा चुनाव में शराब बिक्रय करने का प्रलोभन किया है। पुलिस ने वंशी पंथ व दीपक पंथ समेत दस लोगों के खिलाफ धारा 420, 120 बी व आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# आदर्श आचार संहिता संबंधी उल्लंघनों की करें शिकायत

महोबा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विगत कुछ वर्षों से शुरू किया गया सीविजिल एप नागरिकों के लिए निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता और व्यय संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है। सीविजिल का अर्थ जागरूक नागरिक है और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचनों के संचालन में नागरिकों द्वारा निभाई जा सकने वाली सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देती है। सीविजिल एक मोबाइल एप्लिकेशन है जिसे संचालित करना आसान है, जिसका उपयोग वर्तमान संसदीय निर्वाचन की अधिसूचना की तारीख से उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशिष्टता यह है कि यह केवल लाइव फोटो, वीडियो और ऐप के भीतर से ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है ताकि फ्लाइंग स्क्वॉड को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। इस ऐप को ऐसे किसी भी स्मार्टफोन में इन्सटाल किया जा सकता है जिसमें कैमरा, अच्छा इंटरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस हो। इस एप्लिकेशन का उपयोग करके नागरिक राजनीतिक कदाचार की घटनाओं को देखते ही तत्काल कुछ ही मिनट में इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में भी नहीं जाना पड़ेगा। सीविजिल जागरूक नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फील्ड यूनिट (फ्लाइंग स्क्वॉड)/स्थैतिक निगरानी दलों के साथ जोड़ता है, जिससे एक तीव्र और सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई और निगरानी प्रणाली का निर्माण होता है। शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधि की केवल एक तस्वीर या 2 मिनट का वीडियो बनाएं।




# नासिर मियां के कुल शरीफ और इफ़्तार में शामिल हुए रोजेदार

बरेली। तीन रोजा चले 119 वें हजरत नासिर मियां के सालाना उर्से का समापन हो गया। तीसरे दिन सिविल लाइंस की मस्जिद नोमहला शरीफ में कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। दरगाह के सज्जादानशीन ख़्वाजा सुल्तान अहमद नासरी की सरपरस्ती में उर्स के आखिरी रोज की शुरूआत कुरआन ए पाक की तिलावत से हुए, दिनभर अकीदतमंदों द्वारा चादरपोशी व गुलपोशी कर मन्नते मुरादे मांगी।

इसी बीच जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी, मौलाना मुजाहिद हुसैन, मौलाना अहमद रजा आदि ने दरगाह पहुंचकर गुलपोशी कर मुल्क व आवाम की खुशहाली के लिये दुआएं मागी। बाद नमाजे जोहर सभी ने दरगाह पर हाजरी दी। महफिल ए समां में फनकारों ने कलाम पेश किये, बाद नमाजे असर रंग शरीफ पढ़ा और कुल शरीफ के वक़्त पर नजर पेश करने के साथ दरगाह के सज्जादानशीन हजरत ख़्वाजा सुल्तान अहमद नासरी ने भारत की कामयाबी के साथ साथ आवाम की हक और जाएज दुआओ को कुबूल करने के लिये बुजुर्गों के वसीले से अल्लाह पक से खुसूसी दुआएं की।

दरगाह के खादिम हजरत शाने अली कमाल मियां नासरी साबरी ने बताया कि दरगाह परिसर में सामुहिक रोजा इफ़्तार के दस्तरख्वान पर बड़ी तादाद में रोजेदार शामिल हुए।

# गुलाबराय के मैदान पर लगा होली मेला, एक दूसरे के गले मिले सभी दलों के राजनेता

बरेली। शहर के गुलाबराय इंटर कालेज के मैदान पर लगने वाला ऐतिहासिक होली मेला इस साल भी लगा। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले लगने वाले इस मेले में सभी राजनीतिक दलों के राजनेता शामिल हुए, पार्टियों का बंधन तोड़कर सभी एक दूसरे के गले लगे। शहर की राजनीतिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने एक दूसरे को जमकर होली की बधाई दी।

होली के अवसर पर बरेली शहर की अनूठी परंपरा यहां का होली मेला है। शहर के बीचों बीच लगने वाला यह मेला बीते 78 सालों से लग रहा है। हिंदू सोशल सर्विस ट्रस्ट की ओर से हर साल इसका आयोजन किया जाता है। इस बार का मेला काफी हद तक चुनावी था। प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद बड़ी संख्या में सभी दलों की राजनीतिक हस्तियां इसमें मौजूद रहीं।

होली मिलन समारोह का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। मेले में भाजपा ब्रज प्रदेश अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, महापौर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, बिथरी चैनपुर से विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भी होली के पर्व की शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर हिंदू सोशल सर्विस ट्रस्ट के सभापति प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, मेला संयोजक राजेश अग्रवाल जौली ने भी मेले को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए सभी राजनीतिक दलों सामाजिक संस्थाओं और व्यापारिक संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया। होली मिलन समारोह में शामिल भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से भी शुभकामनाओं के लिए अपना एक स्टाल लगाया गया था। प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत ने भी रंगों के इस होली पर्व को शांतिपूर्वक बनाने के लिए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रांत सह कार्यवाह राजपाल, सूर्य प्रकाश, धर्मेन्द्र सचान, राजकुमार अग्रवाल, सीए केसी गुप्ता, महानगर सह कार्यवाह आलोक प्रकाश, महानगर प्रचार प्रमुख विकास सक्सेना आदि मौजूद रहे। मेले में भाजपा के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, आदेश प्रताप सिंह, अधीर सक्सेना, भोजीपुरा के ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, अमरीश कठेरिया, सोनू कालरा, अरुण कश्यप, देवेंद्र जोशी, कांग्रेस नेता प्रेम प्रकाश अग्रवाल, अजय शुक्ला, असलम चौधरी, राज शर्मा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, प्रदेश प्रवक्ता मुहम्मद साजिद, संजीव यादव, दीपक शर्मा, मोंटी शुक्ला, बसपा नेता ब्रह्म स्वरूप सागर, जगदीश सिंह, व्यापारी नेता राजेंद्र गुप्ता, शोभित सक्सैना, विशाल मेहरोत्रा, मनमोहन सब्बरवाल, राजकुमार अग्रवाल, पूर्व मेयर राजकुमार अग्रवाल, प्रशांत पटेल ने भी एक दूसरे के गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर यूपी बार के चैयरमेन रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शिरीष मेहरोत्रा, बरेली बार के अध्यक्ष मनोज हरित, आचार्य संजीव गौड़, पवन अरोरा, दरगाह हुजूर फातेह अजमेर के प्रबंधक डा. इन्तखाब आलम आदि मौजूद रहे। संचालन कवि रोहित राकेश ने किया। पुराना शहर स्थित बाल जाती कन्या इंटर कॉलेज में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शामिल लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

## आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया होली का त्योहार



बांदा। आपसी सौहार्द, भाईचारा व प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव पर्व होली का त्योहार बीते सोमवार एवं मंगलवार को परम्परागत तरीके से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय, कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों मे लोगों ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाई और गले मिले। जगह-जगह डीजे की धुन पर होली गीतों पर लोग थिरकते रहे तथा एक दूसरे को रंग, अबीर, गुलाल लगाकर होली की बधाईयां देते रहे। छोटों ने बड़े बुजुर्गों को अबीर, गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। बच्चों ने टोलियां बनाकर पिचकारियों से होली के त्योहार का लुत्फ उठाया। मंगलवार को भी रंग और अबीर, गुलाल का दौर जारी रहा। बदौसा कस्बे मे रविवार की रात होलिका दहन के साथ ही होली की मस्ती मे लोग सराबोर हो चुके थे। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरहण्ड के अलावा बांदा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों मे पहुंचकर लोगों के साथ होली का त्योहार मनाया। जलशक्ति राज्य मंत्री ने पैत्रक गांव मे भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ होली मनाई। प्रशासन और पुलिस की कड़ी व्यवस्था के चलते कहीं से भी अप्रिय घटना की जानकारी नही है। शहर मे जगह-जगह पुलिस की तैनाती की गयी थी। शहर कोतवाल अनूप कुमार दुबे लगातार शहर की कानून व्यवस्था पर नजर बनाए रहे।

## ब्लड कैंसर से जूझ रहे बच्चे को रक्तदान



बांदा। ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे 9 वर्षीय अविनाश को सेवर्स ऑफ लाइफ के सदस्य सुनील पांडे ने अस्पताल पहुंचकर खून दिया। मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि अविनाश के माता-पिता नही हैं जिसे ब्लड कैंसर की बीमारी है। परिवार के लोग कभी-कभी समय से पहले रक्तदान करते रहते हैं। उन्होने कहा कि बच्चे के मामा का कॉल सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान के पास पहुंचा कि बच्चे का इलाज पीजीआई मे चल रहा है बच्चे के माता-पिता इस दुनिया में नही हैं डाक्टरों ने शीघ्र ही ब्लड चढ़ाने के लिए कहा है। सलमान ने तुरंत ही अपने ग्रुप मे डिमांड पोस्ट की। कुछ ही देर में सुनील पांडे जिला अस्पताल पहुंचे और अविनाश के लिए रक्तदान किया। सुनील पांडे ने बताया कि वह बाहर रहते हैं होली के त्योहार में बांदा आए हुए थे जैसे ही डिमांड देखी फौरन जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान में सेवर्स ऑफ लाइफ अध्यक्ष सलमान खान, मुख्य सदस्य आसिफ अंसारी मौजूद रहे। सुनील पांडे ने कहा कि इससे पहले वह 7 बार रक्तदान कर चुके हैं यह उनका आठवां रक्तदान था।

## फायर कर धमकी देने का आरोप



ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम सुनवाहा निवासी विवेक राजा परमार पुत्र स्व.निहाल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये सही धाराओं में एफआईआर दर्ज किये जाने और परिवार की जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की गुहार लगायी है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजते हुये विवेक राजा परमार ने बताया कि बीती 25 मार्च को जब वह अपने भाई रूद्र प्रताप के घर का किराने का सामान लेने के लिए पास में स्थित सूर्यप्रताप की दुकान पर गया हुआ था कि तभी गांव के पूर्व प्रधान छत्रपाल सिंह का पुत्र क्रिस राजा अवैध असलहा लेकर आया और गालियां देने लगा। पीड़ित ने बताया कि असलहा देखकर भयभीत हो गया और वापस घर आ रहा था, वह गांव के ही संजू राजा की दुकान पर सामान लेने के लिए रूका तो पीछे से आये क्रिस राजा ने उसे जान से मारने की नीयत से असलहा उसकी ओर करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि क्रिस राजा ने देखते ही देखते असलहा से फायर कर दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर भूपेन्द्र राजा पुत्र हम्मीर सिंह व उसका भाई रूद्रप्रताप सिंह मौके पर आ पहुंचे, जिन्होंने यह घटनाक्रम देखा। आरोप है कि क्रिस राजा ने उसे फिर से जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत दर्ज कराने के लिए वह थाना बानपुर पहुंचा, जहां पुलिस ने अपने अनुसार प्रार्थना पत्र बनवाकर धारा 504, 506 में एफआईआर दर्ज कर ली और रात अधिक होने के कारण सुबह कार्यवाही करने का आश्वासन देकर चलता कर दिया। पीड़ित विवेक राजा ने बताया कि उसके पिता गांव में पूर्व प्रधान रहे हैं, जिसके चलते वह शातिर बदमाश है और उससे वह रंजिश रखता है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर सही धाराओं में एफआईआर दर्ज कराये जाने और उसकी व परिवारजनों के जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की गुहार लगायी है।

## सिर में सरिया मारकर किया घायल

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिर्चवारा निवासी शिवा पुत्र विशुवा कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके गांव में सिंचाई विभाग की पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण स्थल पर वह चैकीदारी का काम करता है। बताया कि बीती 24 मार्च की रात करीब 9 बजे जब वह अपने गांव में निमंत्रण आने पर खाना खाने गया हुआ था और अपने दो लड़कों को मौके पर रखवाली करने के लिए छोड़ गया। बताया कि उसी समय बिल्ला गांव में रहने वाला एक युवक ट्रैक्टर लेकर आया और सरिया खींचने लगा। चैकीदार ने बताया कि उसके छोटे पुत्र जयदेव ने उसे रोका तो बिल्ला निवासी कल्यान पुत्र नन्दू राजपूत ने वहीं पड़ी लोहे के सरिया से उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट आयी है और कल्यान जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कल्यान के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## निर्वाचन से ड्यूटी कटवाने हेतु विभागाध्यक्ष तत्काल दें सूचना

ललितपुर। मुख्य विकास अधिकारी-नोडल अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण कमलाकान्त पाण्डेय ने जिले के सभी विभागाध्यक्ष व कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुये अवगत कराया है कि कार्यालय के आदेश के आलोक में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए आपके विभाग से संबंधित शारीरिक से अक्षम-दिव्यांग व्यक्तियों की सूची प्रेषित करते हुए संबंधित कर्मचारियों को गठित बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर परीक्षण कराने हेतु सूचित करने एवं ऐसी समस्त महिला अधिकारीध् कर्मचारी जो वर्तमान समय में गर्भवती हैं और उनके द्वारा अभी तक मातृत्व अवकाश नही लिया गया है या बच्चों को स्तनपान करा रहीं है, कि सूचना प्रमाणित चिकित्सीय रिपोर्ट तथा सक्षम स्तर से जारी शिशु जन्म प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति के आधार पर निर्धारित प्रारूप में सूचना एक सप्ताह में उपलब्ध करने की अपेक्षा की गयी थी, किन्तु आप द्वारा अभी तक न तो संबंधित कर्मचारियों को सूचित किया गया है और न ही उक्त विषयक सूचना प्रेषित की गई है, जिस कारण इस संबंध में अग्रत्तर कार्यवाही किया जाना संभव हो पा रहा है। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को फिर से निर्देशित करते हुये बताया कि अपने कार्यालय के संबंधित कार्मिकों को चिकित्सीय परीक्षण कराने हेतु अपने स्तर से तत्काल निर्देशित करते हेतु वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक दशा में तीन दिवस में कार्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# दम घोंटता प्रदूषण

देश में वायु प्रदूषण की स्थिति क्या है यह हर जगह पता चल जाती है। महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। स्विस संगठन आईक्यूएआईआर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश बताया गया है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान और पहले स्थान पर



**वायु प्रदूषण की समस्या अब बड़े शहरों के साथ ही छोटे शहरों में भी बहुत जटिल हो गयी है,इस कारण सांस संबंधी बीमारियां और इससे होने वाली मौतें भी बढ़ रही हैं।**

बांग्लादेश है। अर्थात दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत हैं। ये तीनों देश सात दशक पहले एक ही थे इसलिए यह कहा जा सकता है कि नगर नियोजन यातायात प्रबंधन, सड़कों के रखरखाव, लापरवाही और डस्ट की समस्या पर गंभीरता नहीं है। इसीलिए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में बेंगूसराय सबसे ऊपर है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हालत भी बहुत खराब है। प्रदूषण की समस्या देश में बहुत जटिल है। करीब 96 फीसदी आबादी जहरीली हवा में जीने को विवश है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका पीएम 80.2 के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के 7800 शहरों में से मात्र 9 फीसदी ही ऐसे हैं, जो मानकों पर खरे उतरते हैं। सिर्फ यही नहीं, सबसे प्रदूषित 50 शहरों में से 42 शहर भारत के हैं। प्रदूषण का यह स्तर भारत के लिए चुनौती ही नहीं, बल्कि संकट का रूप धारण करता जा रहा है। संकट इसलिए भी गहरा है, क्योंकि बिहार के बेगुसराय, पटना, असम के गुवाहाटी, अपेक्षाकृत छोटे शहर-रोहतक (हरियाणा) और मेरठ (उप्र) भी प्रदूषित होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 का सालाना औसत 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन बेगुसराय का यह स्तर बीते साल 118.9 था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 23 गुना अधिक था। भारत में प्रदूषण के हालात का खुलासा स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था आईक्यूएयर की हालिया रपट में किया गया है। यह डाटा खुद भारत की सरकारों द्वारा दिया गया है, स्विस संस्था ने विश्व-संदर्भ में उन्हें संकलित भर किया है। विडंबना है कि हवा, पानी, मिट्टी और जंगल सरीखे मुद्दों पर राजनीति नहीं की जाती। वे चुनाव में गौण ही रहते हैं। हमारी सत्ताओं की प्राथमिकता गरीबी हटाओ और औद्योगिक प्रगति ही रही है। औद्योगिक क्रांति के 200 सालों के दौरान औद्योगिक औजारों ने प्रदूषण को इतना बढ़ा दिया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। पहले संकट दिल्ली समेत कुछ महानगरों तक ही सीमित समझा जाता था, लेकिन स्विस संस्था की रपट ने पूरे भारत के संकट को बेनकाब किया है। भारत की 130 करोड़ से अधिक आबादी जहरीली हवा के बीच जीने को मजबूर है। दरअसल जिस गति से भारत का शहरीकरण हुआ है या सरकार स्मार्ट सिटी बनाने की परियोजना पर काम कर रही है, उसमें प्रदूषण प्राथमिकता पर नहीं है। उस गति से प्रदूषण के कारकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है। इसलिए प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए गंभीर एवं वैज्ञानिक प्रयासों की बहुत सख्त जरूरत है।

# हमला किये बिना ही नुकसान पहुंचा रहे हूती



संजय श्रीवास्तव

**अगर हम चुनावी चालों में ही व्यस्त रहे तो न सिर्फ छोटे निर्यातक मुसीबत में फंसेंगे देश की अर्थव्यवथा पर भी असर पड़ेगा। हालांकि सरकार ने यह विश्वास जताया है कि भले ही वैश्विक स्तर पर कुछ प्रतिकूल स्थितियां दरपेश हों लेकिन इसके बावजूद देश निर्यात के मामले में इस साल भी 2022-23 के 776 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अपने रिकॉर्ड प्रदर्शन की बराबरी अवश्य करेगा।**

सरकार ने अदन की खाड़ी में सुरक्षा व्यवस्था को वाकई काफी चाक-चौबंद कर दिया है। इसका असर भी दिख रहा है। विगत कई हफ्तों से हूती हमलावरों ने भारतीय व्यापारिक जहाजों को नहीं छेड़ा है। मगर यमन से अपनी कारगुजारी को अंजाम देने वाले अल्पसंख्यक शिया जैदी समुदाय का यह हथियारबंद चरमपंथी गुट 'हूती' हमारे जहाजों पर हमले किए बिना भी हमें नुकसान पहुंचा रहा है। हमारे छोटे निर्यातकों को बर्बादी की कगार पर धकेल रहा है। कर्मचारियों की नौकरियां खा रहा हैं और निकट भविष्य में कुछ वस्तुओं के दामों में अतिरिक्त उछाल की आशंका बढ़ा रहा है। सरकार ने सुरक्षा बंदोबस्त के अलावा वैदेशिक तानेबाने को भी पुख्ता किया है, लेकिन हम उन स्थितियों या महौल का क्या करें जो दूसरों द्वारा निर्मित हैं। भारतीय जहाजों के लिये किंचित निरापद स्थिति होने के बावजूद भारतीय व्यापारिक जहाज अभी भी अदन की खाड़ी को लाल सागर से जोड़ने वाले बाब अल मंदेब जलसंधि के तथा स्वेज नहर से गुजरने में कोताही बरत रहे हैं।

हूती विद्रोहियों ने अब तक अपने 100 से अधिक हवाई हमलों में 35 से अधिक देशों के कारोबारी जहाजों को निशाना बनाया है, एक जहाज एमवी गैलेक्सी लीडर तो आजकल समुद्री पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, क्योंकि इसके 25 सदस्य हूतियों के पास बंधक हैं। जबसे अमेरिका के बनाए बहुराष्ट्रीय टास्क फोर्स ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन जिसमें बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स, स्पेन और यूके शामिल हैं तथा भारत के अलावा कुछ और होने वाले हैं, उसके मुखिया ने चेताया है कि हूती विद्रोहियों को अल कायदा, इस्लामिक स्टेट और दूसरे जिहादी गुटों का समर्थन प्राप्त है। वे ईरानी मिसाइलों के दम पर लाल सागर में मजबूत हैं, जहाज के कप्तानों के अनुसार इन्हीं वजहों से ये हमले जल्दी नहीं रुकेंगे, बड़ा अभियान चलाना होगा जिसमें कुछ महीने लग सकत्ते हैं। इस चेतावनी के बाद से तमाम देशों के मालवाही जहाजों के संचालक भयभीत हैं और कुछ देश फोर्स ऑपरेशन प्रोस्परिटी गार्डियन मे शामिल होने की हामी भरने के बावजूद उससे जुड़े नहीं। जाहिर है कि तमाम देशों के लिये खतरा अभी बना हुआ है। यूनाइटेड नेशन कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट कहता है कि स्वेज नहर में कामर्शियल जहाजों की अवाजाही में 40 फीसद से ज्यादा की गिरावट आयी है और माल ढुलाई लगभग आधी रह गई है। इकोनॉमिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट में भी इस बाबत चिंता जताई गई है कि ऐसा चलता रहा तो कुछ देशों के लिए नतीजे बहुत बुरे होंगे। अब इस स्थिति के देर तक खिंचने की बात तय हो चुकी है तो बुरे नतीजों की आहटें भी सुनाई दे रही हैं।

## हुतियों का हमला

दुनिया के समुद्री व्यापार के 15 प्रतिशत की आवाजाही वाले स्वेज नहर और निचले लाल सागर के रास्ते में यमन के हूतियों के हमले बढ़ने की खबरों के बीच यहां तमिलनाडु के तिरुपुर में बहुतों की नौकरियां चली गईं हैं। इसके पीछे वजह यह है कि इस बनियान सिटी के बहुत से लोगों की हूतियों के आतंक के कारण नौकरी चली गयी है, क्योंकि यहां स्थित कई कपड़ा निर्यातक ईकाइयों को अपनी यूनिट बंद करनी पड़ी है। ऐसा इसलिए हुआ है; क्योंकि जिन जहाजों से इनका माल जाता था उनमें से अधिकांश लाल सागर से हो के जाते थे। लेकिन हूतियों के हमले के कारण आजकल इनमें से ज्यादातर को अपना रास्ता बदलकर स्वेज नहर से दूर अफ्रीका के दक्षिणी छोर पर केप ऑफ गुड होप से हो कर जाना पड़ रहा है। इस कारण इनके परिवहन खर्च में दो से ढाई गुना का खर्च बढ़ जा रहा है और ज्यादातर ईकाईयां इस बढे हुए मालभाड़े को बर्दाशत करने की स्थिति में नहीं हैं। इसके साथ ही केप ऑफ गुड होप से घूम कर जाना मतलब भारतीय जहाजों को यूरोप में अपने ठिकानों पर पहुंचने के लिए 15-20 दिन और लगना। इसके चलते अगर एक कंटेनर को ब्रिटेन भेजने में 50 हजार रुपए थे तो अब यह लागत बढ़कर तीन लाख से भी ज्यादा हो गयी है। ऐसे में तीन से सात प्रतिशत के मामूली मुनाफे पर काम कर रहे छोटे निर्यातकों के लिए यह लागत बहुत भारी है इसका नतीजा यह निकला है कि बहुत सी इकाइयों ने फिलहाल अपना काम स्थगित कर दिया है और कर्मचारियों की छुट्टी कर दी है। संकट यह भी है कि इस समस्या का हल निकालने में देरी हुई तो भारतीय कंपनियों की जगह तुर्किये के निर्यातक ले लेंगे उन्हें वरीयता मिलने भी लगी है।

भारत साल में 3,735 अरब रुपए मूल्य के उत्पादों का निर्यात करता है और इसमें से 40 प्रतिशत हिस्सा छोटे निर्यातकों का ही है। निर्यातक सांसत में रहा तो देश के निर्यात में 30 अरब डॉलर तक की गिरावट आ सकती है। सरकार ने प्रभावित छोटे निर्यातकों की मदद नहीं की तो उनमें से कईयों को धंधा बदलना होगा। इस बीच उन्होंने चेतावनी दी है कि हालात नहीं संभले तो और नौकरियां जा सकती हैं। तो ड्रोन, टोही विमान भेजने और रडार की पकड़ में न आ सकने वाले आइएनएस कोच्ची और आईनएस कोलकाता जैसे युद्धपोतों की तैनाती, मिसाइलों जहाजों की समुद्री सुरक्षा में तैनाती, बेशक एक बेहतर कदम है। रूस, ईरान से रिश्ते बेहतर बनाए रखना और अमेरिका द्वारा हूतियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों से अपने को अलग करने की नीति भी बढिया है, लेकिन इससे अलग वैश्विक सप्लाई चेन के बाधित होने से देश के छोटे निर्यातकों को जिन विषम स्थितियों से जूझना पड़ रहा है उस पर भी अलग से ध्यान देना होगा। यूरोप और अमेरिका के साथ भारत के मर्चेंडाइज व्यापार का 80 प्रतिशत से भी ज्यादा हिस्सा सामान्य रूप से लाल सागर से होकर गुजरता है। भारत एक महीने में लगभग 664 अरब रुपए मूल्य के मर्चेंडाइज यूरोप भेजता है और करीब 498 अरब मूल्य अमेरिका भेजता है। बाब अल मंदेब के रास्ते हम हर साल 200 अरब डॉलर का समुद्री व्यापार करते हैं, खासकर क्रूड ऑयल और एलएनजी का। सरकार और कारोबारी इसी रास्ते खाद्यान, इलेक्ट्रॉनिक्स और कीमती धातुओं को अफ्रीका, यूरोप और पश्चिम एशिया भेजते मंगाते हैं, अगर यह रूट संकीर्ण रहा, तो भारत के लिए मुश्किल होगी।

विश्व का 10 प्रतिशत तेल यहीं से गुजरता है, हम भी हर रोज लगभग दो मिलियन बैरल तेल इसी रास्ते मंगाते हैं। इन परिस्थितियों में इसकी लागत 30 फीसदी बढ़ सकती है और देश में ऊर्जा संकट खड़ा हो सकता है। यदि समय रहते इन मुद्दों पर नहीं सोचा गया, चुनावी चालों में ही व्यस्त रहे तो न सिर्फ छोटे निर्यातक मुसीबत में फंसेंगे देश की अर्थव्यवथा पर भी असर पड़ेगा। हालांकि सरकार ने यह विश्वास जताया है कि भले ही वैश्विक स्तर पर कुछ प्रतिकूल स्थितियां दरपेश हों लेकिन इसके बावजूद देश निर्यात के मामले में इस साल भी 2022-23 के 776 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अपने रिकॉर्ड प्रदर्शन की बराबरी अवश्य करेगा। लेकिन अदन की खाड़ी में स्थितियां ऐसी ही बनी रहीं, निर्यातकों की समस्याओं का उचित निवारण नहीं किया गया तो 2021- 22 के 451 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को भी हासिल करना मुश्किल होगा।



## सोशल मीडिया

देश का दुर्भाग्य है आज केंद्र में और कई राज्यों में ऐसी भाजपा सरकार बैठी है जो भ्रष्टाचार व दोष छिपाने और कुकर्मों पर परदा डालने के लिए सच बाहर नहीं आने देना चाहती। अखिलेश यादव.



युवाओं व देश की सुरक्षा के साथ किये गये छल की सबसे बड़ी स्कीम अग्निवीर के विरोध के दौरान बीकानेर में किया गया लाठीचार्ज दुर्भाग्य पूर्ण व भाजपा के भय का सबूत है। अशोक गहलोत.



भाजपा नेतृत्व ने मुझे मेरे जन्म स्थान हिप्र के मंडी से लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है, मैं पार्टी के फैसले का स्वागत करती हूं एवं विश्वसनीय लोकसेवक बनने को उत्सुक हूं। कंगना रनौत.



# गर्मियों में उठायें पहाड़ों पर घूमने का आनंद



पर्यटन

समीर चौधरी

पहाड़ों में अकेले सफर करने का आनंद ही कुछ और है, जिसे शब्दों में व्यक्त करना कम से कम मेरे लिए कठिन है। लेकिन कोविड महामारी व लॉकडाउन के कारण मुझे यह अवसर कई वर्षों से मिल ही नहीं पा रहा था। खैर, पिछले साल नवम्बर में जैसे ही मुझे पहला मौका मिला मैं अपने सपने को फिर से साकार करने के लिए तैयार हो गया। फिर से इसलिए कि मैं हिमालय की यात्रा अलग अलग अंदाज व उद्देश्यों से पहले भी अनेक बार कर चुका हूं। हर बार एक अलग ही और यादगार अनुभव हुआ है। यात्रा पर निकलने से लगभग एक माह पहले से मैं हिमालय के उन नये स्थानों के बारे में तलाश कर रहा था जहां मैं कभी गया नहीं था। लेकिन इस बार मैं प्राथमिकता उन स्थानों को दे रहा था जहां सड़कों के रास्ते पहुंचा जा सके। दरअसल, हाईकिंग व ट्रेकिंग करने में मेरी दिलचस्पी नहीं थी। मैं कार से सफर करने का इच्छुक था और ठहरने के लिए ऐसी प्रॉपर्टी की तलाश थी जो बुनियादी आराम ऑफर करे (ऊंचाई व मौसम को देखते हुए) और निश्चितरूप से नजारा सुंदर व रमणीक हो। आखिरकार मैंने उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में एक खूबसूरत रिसोर्ट का चयन किया। सारी तैयारियां एडवांस में पूरी हो चुकी थीं। मैंने अपने फोन पर गूगल ट्रैकर को एक्टिवेट किया ताकि मेरे परिवार को मेरे मूवमेंट्स की नियमित जानकारी मिलती रहे। घर पर मेरा किचन व फ्रिज खाने पीने की चीजों से भरा रहता है कि अगर रात में भी कुछ खाने का मन करे तो कोई परेशानी न हो। इसलिए रेलवे स्टेशन पहुंचते ही मुझे एहसास हुआ कि किचन व फ्रिज मुझसे बहुत दूर हो गये हैं।

शताब्दी के जरिये मैं दिल्ली से देहरादून लगभग छह घंटे में पहुंचा। हालांकि तब तक अंधेरा हो चुका था फिर भी मैंने कैब ली और तकरीबन तीन घंटे में रिसोर्ट पहुंच गया। अपने नौ दिन के स्टे के दौरान मैंने देखा प्रभावी सूर्योदय, शरद ऋतु के अम्बर व लाल से रंग, अपना पहला दर्शन देते हुए देवदार के युवा कोन, सूरज की चाल के साथ रंग बदलता कोबाल्ट टेहरी लेक, ग्रे-ब्लू धुंध का कवर और बर्फ से ढके वैभवशाली पहाड़। यह सारा नजारा मैंने अपनी बड़ी बालकनी से किया। सुबह को गर्म चाय सिप करते हुए पक्षियों के गीत सुने और रात को साफ, तारे भरे आसमान को निहारते हुए दूर शहर की टिमटिमाती लाइट्स पर भी नजर पड़ जाती थी। जाड़ा दस्तक दे चुका था, हवा में ठंडक थी और एक बार तो रात का तापमान गिरकर पांच डिग्री सेल्सियस हो गया था। दिन में मैं आसपास के पर्यटक आकर्षणों तक सैर कर आता था, जैसे कनाताल, धनौल्टी, टेहरी लेक, चंबा और लैंडोर। लेकिन मुझे सबसे ज्यादा आनंद अपनी बालकनी में कुछ न करते हुए, केवल कुदरती नजरों को घंटों निहारते में आया। यह मेरे लिए अपने दैनिक रूटीन से एक दम अलग था। मैं मल्टी-टास्क करने वाला होममेकर हूं जो अपने जीवन के टाइम टेबल का सख्ती से पालन करता है। मेरे पास अपने लिए न समय है और न फुर्सत। इसलिए यह जो कुछ दिन मुझे अपने लिए मेरे रूटीन से हटकर मिले थे, वह मुझमें नई ऊर्जा भर रहे थे। अपनी इस अकेली यात्रा के दौरान मैंने किताबें पढ़ीं, अनगिनत तस्वीरें अपने कैमरा में कैद कीं और अपने अनुभवों को कलमबंद किया।

धूप भरी दोपहर में मैं पास के गांवों में टहलने के लिए निकल जाता, पेड़ पौधों व जानवरों को दोस्त बनाने का प्रयास करता, ग्रामीणों से जी भरकर बातें करता और ताजा भुना हुआ भुट्टा खाता। मेरे लिए समय की तो कोई पाबंदी थी ही नहीं। इस आवारगी जैसा कोई आनंद दूसरा कोई था ही नहीं। अपने इस अकेले सफर में मैंने स्थानीय फूड, उत्सवों, और पहाड़ी जीवनशैली के बारे में बहुत जानकारी हासिल की जो मुझे किताबों या टीवी डॉक्यूमेंट्री से मिल ही नहीं सकती थीं। हालांकि मैं पैसे के लेन देन को लेकर बहुत सावधान था, लेकिन घुमावदार ढलानों व जंगलों के भीतर कैब राइड करते हुए मैंने खुद को पूर्णतः अजनबियों पर भरोसा करते हुए पाया। इस एकल यात्रा ने मुझे मेरे कुएं जैसे अस्तित्व से बाहर निकलने का अवसर प्रदान किया था। मैंने अपने दिल की सुनी, अपनी सीमाओं को परखा और अपनी उन ताकतों व स्किल्स को खोजा जिनके बारे में मुझे मालूम ही नहीं था कि वह मेरे भीतर हैं। मेरी इस एकल स्वप्न यात्रा ने मुझे प्रसन्न, समझदार व एहसानमंद बनाया उस प्राकृतिक सौन्दर्य के प्रति जिसने मुझे गहरे व यादगार अनुभव का तोहफा दिया था।

## विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

# चरित्र का ह्रास

अंतर्दृष्टि

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# गरीबी मिटाने पर चिंतन...

व्यंग्यलोक

पांच सितारा कहलाने वाली हिलटॉप जगह पर देश की गरीबी के विनाश पर चिन्तन शुरू किया गया। गरीबी मिटाने का बजट आया हुआ था। बजट के पूरे उपयोग के लिए चिन्तन गोष्ठी में गरीबी से रूबरू होने के लिए फील्ड विजिट का कार्यक्रम बनाया गया, जिससे आस-पास के पर्यटक स्थलों की सैर भी गोष्ठीधिपति कर सकें। मिनरल वाटर स्नान व ड्राइ फ्रूट भोग से गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में डिसीजनों की भरमार हो गई थी। गरीबी के विनाश के लिए देश के समस्त मल्टीप्लेक्स को पाबंद किया कि शो प्रारंभ होने से पहले गरीबी मिटाने के आकर्षक संदेशों को एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में दिखाया जाये। हर एक सरकारी समारोह समाप्ति पर गरीबी भगाएंगे का गाना जरूर गाया जाए। खाद्य एवं नागरिक रसद विभाग राशन कार्डों पर गरीबी मिटाने के नारों को मल्टी कलर में मुद्रित करे। उचित व अनुचित मूल्यों की दुकानों पर पोस्टरों, दीवार चित्रों, स्लोगनों और टिन प्लेटों आदि द्वारा गरीबी मिटाने से संबंधित संदेशों का प्रदर्शन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पंचायत केंद्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद, आयुर्वेद औषधालय, पटवारी घर, कृषि केंद्र व स्कूल भवनों पर गरीबी मिटाने के नारों को आकर्षक तरीके से लिखवाने की व्यवस्था कराएं। शिक्षा विभाग समस्त टीचरों को निर्देशित करे कि वे हर माह की दस तारीख को देश के सभी स्कूलों में दस बजे 10 नारे गरीबी के विरुद्ध जरूर लगाएं। 10 तारीख 10 बजे 10 नारे कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जाए। एक विशाल प्रभात फेरी निकालें जिसमें सभी बच्चे, शिक्षक व प्रधानाध्यापक गांव की प्रत्येक गली को गरीबी मिटाने के नारों से गुंजायमान कर दें। हर महीने रैली निकालने के कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जाए। सहकारिता विभाग अपने सदस्यों को गरीबी दूर करने के लिए समझाए। समस्त प्रकार की सहकारी समितियां दीवार चित्र, बड़े होर्डिंग व पैम्फलेटों की सहायता से गरीबी मिटाने का प्रचार-प्रसार करें। यातायात विभाग अपने सभी वाहनों पर गरीबी मिटाने के संदेश आकर्षक तरीके से लिख दें। यातायात विभाग को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी सरकारी वाहन को पकड़कर उन पर गरीबी मिटाने के संदेश लिख दें। राजस्व विभाग अपने पटवारियों को निर्देशित करें कि वे अपने संपर्क में आने वाले ग्रामीणों से गरीबी छोड़ने की गुहार करें। पत्रकारों को गरीबी मिटाने के ऐसे प्रयासों की खबर प्रसारित करने के लिए उकसाएं। अखबार व टेलीविजन में सरकार गरीबी मिटाने के विज्ञापन दें। जन स्वास्थ्य विभाग पानी के बिलों व पानी की टंकियों पर गरीबी खत्म करने के नारे लिखवाए। जिला कलेक्टर इन सभी कार्यों की बार-बार मीटिंग लें व समीक्षा करें, ताकि गरीबी की जड़ पर प्रहार किया जा सके।



रामविलास जॉगिड़

## आपकी बात

### औद्योगिक कौशल का विकास

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीबों का उत्थान

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबो ंको आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## 11 माह में रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना हुआ

कोलकाता। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 माह यानी फरवरी तक रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना होकर 1.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष में भारत से रूस को इंजीनियरिंग निर्यात 61 करोड़ 66.8 लाख डॉलर का रहा था। ईईपीसी ने बयान में कहा कि इस अवधि के दौरान अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 15.95 अरब डॉलर का रह गया है। चीन के मामले में, यह मामूली घटकर 2.38 अरब डॉलर रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2.40 अरब डॉलर रहा था।

## एसआईयू प्रोग्राम्स की व्यापक रेंज पेश

नई दिल्ली। एसआईयू अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स की व्यापक रेंज के लिए आवेदन अवधि समाप्त करने जा रही है। छात्र तीन प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से इन प्रोग्रामों में प्रवेश ले सकते हैं: सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट, सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट, और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेन्स एक्जाम। इन तीनों परीक्षाओं के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 12 अप्रैल 2024 है। इन प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से छात्र अपनी उच्च शिक्षा शुरू करने का अवसर पा सकते हैं और संस्थान में लर्निंग का व्यापक अनुभव पा सकते हैं। परीक्षा देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ड मोड में होगी, यह परीक्षा 1 घण्टे तक 5 मई और 11 मई को होगी।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रीमियर 30 से

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो 30 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें हर शनिवार रात 8 बजे नये एपिसोड आयेंगे। इस वीकेंड, शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि मशहूर कपूर परिवार है, जिसे बॉलीवुड का सबसे प्रसिद्ध परिवार कहा जाता है। भाई-बहन रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी अपनी खूबसूरत मां नीतू कपूर के साथ गपशप करते नजर आएंगे और कपिल और पूरी टीम पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत करेगी। रणबीर और रिद्धिमा ने अपने बचपन की यादों और भाई-बहन के रूप में अपने रिश्ते पर बात की; नीतू कपूर ने एक पिता के रूप में ऋषि कपूर का किस्सा सुनाया।

## टैबलेट लिव-52 एवं सिस्टोन सीरप से प्रतिबन्ध हटा

नोएडा। आयुर्वेदिक औषधि टैबलेट लिव-52 एवं सिस्टोन सीरप से प्रतिबन्ध हटा दिया गया है। ये दोनों औषधि उस लिस्ट में थे, जिन पर 20 मार्च को रोक लगाई गई थी। उनको विभाग ने क्लीन चिट दे दी है। टैबलेट लिव-52 एवं सिस्टोन सीरप औषधियों में मिलावट की सूचना के चलते निर्माण एवं बिक्री पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया था। निदेशक आयुर्वेद सेवाएं उत्तर प्रदेश द्वारा भेजे गए पत्र के क्रम में अब टैबलेट लिव-52 एवं सिस्टोन सीरप पर निर्माण एवं बिक्री पर लगे प्रतिबन्ध को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। पूर्व में 31 आयुर्वेदिक औषधियों के बिक्री एवं निर्माण पर रोक लगाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे, परन्तु विस्तृत जांचोपरान्त टैबलेट लिव-52 एवं सिस्टोन सीरप पर लगे प्रतिबन्ध को हटा लिया गया है।

## सोच का नया स्प्रिंग समर कलेक्शन 2024 लॉन्च

नई दिल्ली। सोच ने अपना लेटेस्ट स्प्रिंग समर कलेक्शन 2024 लॉन्च किया है। इस नए कलेक्शन में विभिन्न प्रकार के फैब्रिक और स्टाइल शामिल हैं, जो युनिक एथनिक फ्लेयर के साथ आपके वॉर्डरोब को बेहतर बनाने का वादा करती है। यह कलेक्शन इंडिगो ह्यूज, शिफली चिक, कोटा कॉउचर, आइवरी एलिगेंस, ब्रीजी थ्रेड्स और विविड ब्लूम्स सहित थीम का एक क्यूरेटेड पैलेट है। प्रत्येक कलेक्शन एथनिक वियर में नए बदलाव का वादा करता है, जिसे आज की महिलाओं की मॉडर्न वॉर्डरोब की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस तैयार किये गए कलेक्शन के अलावा, सोच के डिजाइन एक आकर्षक रेंज से पूरक हैं, जिनमे साड़ी, चूड़ीदार सेट, ड्रेस, कुर्ता, कफ्तान और लहंगे जैसे विविध कलेक्शन शामिल हैं। इस व्यापक कलेक्शन के साथ, सोच हर महिला की एथनिक और कंटेम्पररी फैशन जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन रहा है।

# वित्त मंत्री ने किया अटल पेंशन योजना पर कांग्रेस के आरोपों को खारिज



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि अटल पेंशन योजना (एपीवाई) बेहतर व्यवहार विकल्प के आधार पर डिजायन की गई है और यह न्यूनतम आठ प्रतिशत रिटर्न की गारंटी देती है।

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, अटल पेंशन योजना को सर्वोत्तम विकल्प के आधार पर डिजायन किया गया है ताकि ग्राहक द्वारा विकल्प नहीं चुनने तक स्वचालित रूप से प्रीमियम भुगतान जारी रहे। यह एक सुविचारित और लाभकारी सुविधा है जो ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में है। उन्होंने कहा कि लोगों को हर साल योजना जारी रखने का निर्णय लेने के बजाय, छोड़ने का निर्णय लेना होगा, इससे उनमें से कई लोग सही निर्णय लेते हैं और अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करते हैं। इससे पहले कांग्रेस ने अटल पेंशन योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि यह एक बहुत खराब तरीके से डिजायन की गई योजना और कागजी शेर है जिसके लिए अधिकारियों को लोगों को धोखा देने और इसमें भाग लेने के लिए मजबूर करना पड़ता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह योजना मोदी सरकार की हेडलाइन प्रबंधन की नीति की तरह है और बहुत कम लोगों को वास्तविक रूप से इसका लाभ मिल रहा है। उनका हमला एक मीडिया रिपोर्ट के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि असंगठित क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना (एपीवाई) से बाहर निकलने वाले तीन ग्राहकों में से कम से कम एक ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उनके खाते उनकी स्पष्ट अनुमति के बिना खोले गए थे। रिपोर्ट में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के हालिया नमूना अध्ययन का हवाला दिया गया है। रमेश पर हमला करते हुए सीतारमण ने कहा कि उन्होंने गारंटीकृत पेंशन योजना पर तथ्यों की जांच करने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा, मौजूदा ब्याज दरों और रिटर्न की परवाह किए बिना एपीवाई के तहत न्यूनतम रिटर्न भारत सरकार द्वारा कम से कम आठ प्रतिशत होने की गारंटी है।

# आप का प्रदर्शन: पंजाब के मंत्री, सोमनाथ भारती समेत कई नेता हिरासत में लिये गये

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) मंगलवार को यहां सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इंकलाब जिंदाबाद और केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

राष्ट्रीय राजधानी को किले में तब्दील किए जाने का दावा करते हुए आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने शहर भर में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगायी हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली पुलिस राज्य बन गयी है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के



इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस ने अपने कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के कर्मियों को भी तैनात किया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी कुछ बंदिशें लगायी गयी हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओंकार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा, मैं केंद्र को चेतावनी देना चाहता हूं कि पुलिस बल का प्रयोग करने से यह आंदोलन नहीं रुकेगा। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की महिला कायकर्ताओं को घसीटा गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

## भारतीय मूल के गणितज्ञ, जनरल मोटर्स के संस्थापक निदेशक सुब्रमण्यम का निधन

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ एवं जनरल मोटर्स के संस्थापक व निदेशक डॉ. टी. एन. सुब्रमण्यम का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।

सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका में बस गए थे। वह भारत और अमेरिका में अकादमिक हलकों में काफी प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल व सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों तथा जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है। सुब्रमण्यम ने अमेरिका में ट्रॉय (मिशिगन) में जनरल मोटर्स की साइट के सर्वर का आकार दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी देश की अपनी एक यात्रा के दौरान उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी और उनके काम की सराहना की थी। सुब्रमण्यम के परिवार में उनकी पत्नी, बेटी और दामाद हैं। उनके दामाद अमेरिका के मेरीलैंड राज्य में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के लिए काम करते हैं। सुब्रमण्यम के परिवार में उनके इकलौते छोटे भाई टी. एन. अशोक भी हैं।

## वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बना रहे आरबीआई के कदम

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्तीय क्षेत्र में संचालन व्यवस्था और पारदर्शिता में सुधार के लिए गंभीर प्रतिबद्धता दिखा रहा है और उसके उपाय बैंकों को अधिक मजबूत और पारदर्शी बना रहे हैं। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एस एंड पी गलोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

रिजर्व बैंक के हाल के उपाय वित्तीय संस्थानों के अति-उत्साह को कम करेंगे, नियमों के अनुपालन की संस्कृति को बढ़ाएंगे और ग्राहकों के हितों की रक्षा करेंगे। हालांकि, इससे संस्थानों के लिए पूंजी लागत भी बढ़ेगी। आरबीआई के उपायों में आईआईएफएल फाइनेंस लि. और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लि. को क्रमशः स्वर्ण कर्ज और शेयरों के बदले



ऋण देने से रोकना शामिल है। इसके अलावा, आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को नये ग्राहकों को जोड़ने से भी मना किया है। एसएंडपी के अनुसार, आरबीआई ने बार-बार तकनीकी गड़बड़ी के बाद दिसंबर, 2020 में एचडीएफसी बैंक को नये क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को लेने से रोका था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ये कदम नियमों के उल्लंघनों को लेकर लगाये जाने वाले नाममात्र के वित्तीय जुर्माने से अलग हैं। आरबीआई ने वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया है। हालांकि, इन नियामकीय उपायों को लेकर जोखिम भी है। इससे वृद्धि बाधित हो सकती है और वित्तीय संस्थानों के लिए पूंजी की लागत बढ़ सकती है। एसएंडपी के अनुसार, आरबीआई नियमों का अनुपालन नहीं होने, ग्राहक शिकायतों, आंकड़ों की गोपनीयता, कामकाज, अपने ग्राहक को जानों (केवाईसी) और मनी-लॉन्ड्रिंग निरोधक मुद्दों को लेकर ज्यादा सख्त है। देश में वित्तीय क्षेत्र के लिए संचालन व्यवस्था और पारदर्शिता प्रमुख कमजोरियां रही है।

## अरुणाचल पर चीन के दावे का सख्ती से खंडन करे सरकार: खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए।

चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को बेतुका और हास्यास्पद बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं। खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है। दलीय राजनीति से इतर हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में एक साथ हैं। हालांकि, यह भी रेखांकित किया जा सकता है कि चीन का रवैया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी लाल आंख दिखाने वाली कार्रवाई नहीं करने और चीन को क्लीन चिट देने का परिणाम है।

# मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति, बीजिंग पीछे

मुंबई। भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं।

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है। सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की



शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 40 प्रतिशत या 33 अरब डॉलर का इज़ाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ। वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वे स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत ने नए अरबपतियों के मामले में भी चीन को पीछे छोड़ दिया। भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को मात देते हुए भारत की कुल संपदा पिछले साल 51 प्रतिशत बढ़ी है।

# इरडा ने किया पॉलिसी वापसी शुल्क से संबंधित नियम में किया बदलाव

नयी दिल्ली। बीमा नियामक इरडा ने विभिन्न नियमों को अधिसूचित किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे शुल्कों का खुलासा पहले ही करना होता है।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बयान में कहा कि ये नियम उत्पाद डिजायन और मूल्य निर्धारण में




बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है। इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बीमाकर्ता प्रभावी निगरानी और उचित जांच-परख के लिए ठोस गतिविधियों को अपनाएं। ये नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि जिस पॉलिसी को चौथे से सातवें वर्ष तक वापस किया जाता है, उनके वापसी मूल्य में मामूली वृद्धि हो सकती है। बीमा में वापसी मूल्य से तात्पर्य बीमा कंपनियों के पॉलिसीधारक को उसकी परिपक्वता तिथि से पहले पॉलिसी समाप्त करने पर भुगतान की गई राशि से है। यदि पॉलिसीधारक पॉलिसी अवधि के दौरान सरेंडर करता है, तो उसे कमाई और बचत हिस्से का भुगतान किया जाता है।

## पेज एक का शेष

### उत्साह और उमंग

विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता। सीएम योगी ने कहा कि इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है। अयोध्या में 495 वर्ष बाद रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बीमार व्यक्तियों को और जो मना करे, उसे रंग न लगाएं। उन्होंने 90 वर्ष से अधिक समय से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की। लोगों को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल, रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर फूल की पंखुड़ियां, अबीर, गुलाल पंखुड़ियां उड़ाईं। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों के बीच उत्सवी उल्लास आसमान पर था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डा. महेंद्र अग्रवाल, प्रांत प्रचारक रमेश जी, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओम जालान, सुरजीत, आत्मा जी, श्री होलिकोत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज जालान, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे।

### अनशन कर

वाले विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि जब सरकारें अपने वादे पूरा नहीं करती हैं, तो लोगों के पास एकजुट होने और अपने संवैधानिक अधिकारों के अनुसार आवाज उठाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता।

प्रकाश राज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, आज मेरा जन्मदिन है.. और मैं सोनम वांगचुक तथा लद्दाख के लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन कर इसका जश्न मना रहा हूं जो हमारे लिए.. हमारे देश.. हमारे पर्यावरण और हमारे भविष्य के लिए लड़ रहे हैं... आइए उनके साथ खड़े हों। वांगचुक से मुलाकात करने के बाद प्रकाश राज ने कहा, हमने लोगों और वैज्ञानिकों से सुना है कि उनसे भाजपा द्वारा (लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने का) वादा किया गया है, और जब हम उन्हें उनके वादे की याद दिलाते हैं तो वे उन्हें अपराधियों के रूप में देखते हैं। नेता चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं और झूठी उम्मीदें पैदा कर रहे हैं, लेकिन बाद में जब वे हमसे वोट लेते हैं, तो अगले पांच साल तक पीछे मुड़कर नहीं देखते। उनका हमसे कोई लेना-देना नहीं है, हम मूर्ख हैं जो उनकी बातों पर भरोसा कर रहे हैं।

### होली के हुड़दंग

दिया। 108 सेवा के तहत उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में वर्तमान में 2200 निःशुल्क एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं।

### मुख्तार की हालत

के बावजूद उन्हें अपने पिता मिलने नहीं दिया गया। उमर ने संवाददाताओं से कहा कि वह रोजा रखकर 900 किलोमीटर दूर से अपने पिता को देखने आये थे लेकिन उन्हें उनकी एक झलक तक नहीं लेने दी गयी। उन्होंने कहा, सारी चीजें अलग हैं लेकिन मानवता भी तो कोई चीज होती है। इस बीच, पुलिस महानिदेशक (कारागार) कार्यालय से जारी एक बयान में बताया गया कि बंदी मुखूतार अंसारी की तबीयत रात में अचानक खराब हो जाने तथा शौचालय में गिर जाने के कारण तत्काल जेल डॉक्टर ने उनका उपचार किया और जिला प्रशासन को सूचित कर डॉक्टरों की टीम बुलायी गई, जिसने बंदी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बयान के मुताबिक रात में ही बंदी को पुलिस सुरक्षा में मेडिकल कॉलेज बांदा में भर्ती करा दिया गया था। सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि मुख्तार से मुलाकात के लिये बांदा रवाना होने से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय में सूचना के लिए फोन किया था लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में होने की वजह से उनसे संपर्क नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में फोन करने का मकसद यह गुजारिश करना था कि बांदा मेडिकल कॉलेज में अगर उपचार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो तो मुख्तार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल या किसी अन्य बड़े चिकित्सालय में भर्ती कराया जाए और अगर सरकार इलाज का खर्च नहीं उठा सकती तो परिजन यह खर्च वहन कर लेंगे। अंसारी ने कहा कि विगत 21 मार्च को बाराबंकी की अदालत में एक मामले की डिजिटल माध्यम से हुई सुनवाई के दिन मुख्तार के अधिवक्ता ने अदालत में दरखास्त दी थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके मुवक्किल को जेल में धीमा जहर दिया गया है जिससे उसकी हालत बिगड़ती जा रही है।

दिन में, बांदा मेडिकल कॉलेज द्वारा जारी एक मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, मुख्तार अंसारी को तड़के तीन बजकर 55 मिनट पर पेट में दर्द की शिकायत होने पर भर्ती कराया गया था। उपचार शुरू हो गया है। वर्तमान में रोगी की हालत स्थिर है।

### युवाओं की

चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को सभी पदों पर शिकस्त दी। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा पीडीए की एकजुटता ने जेएनयू छात्र संघ चुनाव में समेकित रूप से सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की है और भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से बुरी तरह हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई। जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूँ ही हराते रहने एवं देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनाएं। उन्होंने कहा जेएनयू के छात्रों की तरह देश भर के युवा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा राज में फैली अभूतपूर्व बेरोज़गारी, पेपर लीक होने की वजह से कहीं नौकरी न मिलने की हताशा और चुनावी बॉण्ड के रूप में फैले भाजपा के अथाह भ्रष्टाचार को हमेशा के लिए दूर करने के लिए, महंगी पढ़ाई एवं चतुर्दिक महंगाई से त्रस्त अपने परिवारों और आसपास के लोगों को भी भाजपा के खिलाफ मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। यादव ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा, इस बार लोकसभा एवं अन्य चुनावों में युवा मतदान स्थल पर आखि़री क्षण तक फ़ज़ी मतदान पर सजग निगाह रखनेअ ईवीएम के सीलबंद होनेअ ईवीएम रखने के स्थान तक मशीनों के सुरक्षित पहुंचनेअ [8288]ईवीएम के गोदामों पर 24 घंटे हर तरफ से चतुर्दिक चौकीदारी करने, किसी को ईवीएम गोदामों के आसपास फटकने न देने के लिए लामबंद रहनेअ [8288]मतगणना के दिन सक्रिय रहकर हर तरह से नज़र रखने व [8288]चुनाव परिणाम आने एवं जीत का प्रमाण पत्र न मिल जाने तक डटे रहने का काम करें। उन्होंने कहा कि इस सजगता से ही वोट की रक्षा की जा सकती है और जनता के हित में सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। यादव ने कहा, इसीलिए अपने देश के भविष्य की रक्षा करने के लिए हम अपने अभियान मतदान भी-सावधान भी के तहत युवाओं से अपील करते हैं कि न लापरवाही, न ढिलाई और जब तक जीत का प्रमाण नहीं, तब तक विश्राम नहीं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा,' युवा विरोधी भाजपा को आप सभी युवक-युवतियों की एकजुट शक्ति हरा देगी। भाजपा हटाओ, देश बचाओ। भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ। भाजपा हटाओ, भविष्य बचाओ। भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ।

### युवाओं का भविष्य

को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को पहली नौकरी पक्की योजना के तहत। लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी। देश में रोज़गार क्रांति लानी होगी।

### स्वतंत्र व निष्पक्ष

आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप शक्ति स्वरूपा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें जनता तक यह संदेश ले जाना चाहिए कि तृणमूल कांग्रेस सरकार राज्य के लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है। भाजपा नेताओं की ओर से पात्रा और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक ऑडियो जारी किया गया। इसके मुताबिक, मोदी ने पात्रा से कहा लोगों के बीच में काम करें, उन तक यह संदेश पहुंचाएं कि तृणमूल कांग्रेस सरकार लोगों के लिए समस्या खड़ी कर रही है, वे पश्चिम बंगाल में भाजपा (केंद्र) सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने दे रहे हैं। लोगों को बताएं कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, और योजनाओं के नाम बदल रहे हैं। बशीरहाट, पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं।

### भाजपा के लिए

फरार रहकर जीता था। घोसी सीट पर वर्ष 1989 से 2014 के बीच हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ एक बार 2014 में हरिनारायण राजभर ने जीत दिलाई थी। गाजीपुर लोकसभा सीट से वर्ष 2019 का आम चुनाव बहुजन समाज पार्टी के अफजाल अंसारी जीते थे। इससे पहले वर्ष 1989 से वर्ष 2014 के बीच गाजीपुर लोकसभा सीट से भाजपा के मनोज सिन्हा ने तीन बार जीत दर्ज की। जौनपुर लोकसभा सीट से वर्ष 2019 का आम चुनाव बहुजन समाज पार्टी के श्याम सिंह यादव ने जीता था। इससे पहले वर्ष 1989 से 2014 के बीच भाजपा यहां से चार बार लोकसभा का चुनाव जीत चुकी है। चंदौली लोकसभा सीट से वर्ष 2019 का आम चुनाव भाजपा के डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय महज 13,959 मत से जीते थे। वहीं, इससे पहले इसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2014 का आम चुनाव डॉ. पांडेय ने डेढ़ लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीता था।

### मिर्जापुर, जौनपुर

दिया। वहीं एटा में जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, 19 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली नगर क्षेत्र मंडी समिति के सामने सुशील (40) निवासी शेरूपुरा थाना जैथरा सोमवार को गोवंश से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया, इसको मेडिकल कॉलेज लाया गया, यहां मृत घोषित कर दिया। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव नगला धन्नी के पास में मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे कार ने बाइक सवारों में टक्कर मार दी। इसमें राजा का रामुपर थाना क्षेत्र के गांव पहरा निवासी सरमन (35) व कश्मीर(40) घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया, यहां मृत घोषित कर दिया। शिकोहाबाद डिपो की रोडवेज बस मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे जिला फिरोजाबाद जसराना थाना क्षेत्र के गांव राजपुर के पास बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें में नेहा और अजय निवासी काशीराम कॉलोनी मानपुर कोतवाली देहात, सरस्वती, शीला देवी, अर्चना, सलोनी व राखी निवासी फफोतू और विमलेश देवी निवासी कुमरपुर थाना रिजोर, निशा बेगम फिरोजाबाद, सुधा कुमारी व प्रांशू निवासी रेवाड़ी मोहल्ला कोतवाली नगर और नत्थो देवी सायपुर घायल हुए हैं। सभी 12 घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।




# सीएसके ने गुजरात को 63 रन से हराया

## जीत के साथ सीएसके 4 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंची





चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने सोमवार को मौजूदा सीजन के 7वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) को 63 रन से हराया। इस जीत से सीएसके 4 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। चेन्नई ने सीजन ओपनर में आरसीबी को इसी मैदान पर हराया था। चेपॉक स्टेडियम में 207 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन ही बना सकी। इससे पहले, चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। रचिन रवींद्र (20 बॉल पर 46 रन) और शिवम दुबे (23 बॉल पर 51 रन) ने विस्फोटक पारियां खेलीं, जबकि कप्तान ऋतुराज गावकवाड ने 36 बॉल पर 46 रन का योगदान दिया। राशिद खान को दो विकेट मिले। गुजरात की ओर से साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। ऋद्धिमान साहा और डेविड मिलर ने 21-21 रन बनाए।

## जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई व हैदराबाद

हैदराबाद। मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे। मुंबई को एक समय 36 दिन पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात



टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज इशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना होगा।

मुंबई को इसके अलावा स्पिनर शम्स मुलानी और पीयूष चावला से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में हेनरिक क्लासेन की शानदार पारी से एक समय जीत की उम्मीद जगा दी थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को अन्य बल्लेबाजों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।मयंक अग्रवाल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

## सब जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में चैम्पियन बना हरियाणा

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। हरियाणा यहां मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय



चैम्पियनशिप में लड़कों और लड़कियों दोनों में टीम खिताब के साथ कुल 19 पदक जीतकर चैम्पियन बना। लड़कियों के वर्ग के मौजूदा चैम्पियन हरियाणा ने 64 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहकर अपने खिताब का बचाव किया। उसने सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

हरियाणा की सात में से छह मुक्केबाजों ने आसानी से 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। दिया (61 किग्रा) ने दिल्ली की यशिका को 5-0 से हराया और सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुनी गयीं। उनके अलावा बालिका वर्ग में उसके लिए भूमि (35 किग्रा), निश्चल शर्मा (37 किग्रा), राखी (43 किग्रा), नैतिक (52 किग्रा), नव्या (55 किग्रा) और सुखरीत (64 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली 34 अंक से दूसरे और महाराष्ट्र 31 अंक से तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जबकि महाराष्ट्र ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते। अरुणाचल प्रदेश की कांस्य पदक विजेता हिलांग (37 किग्रा) बालिका वर्ग में सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार जीतने में सफल रहीं।

लड़कों के वर्ग में हरियाणा ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य से कुल नौ पदक जीते जिससे वह 62 अंक लेकर पहले स्थान पर रहा। उदय सिंह ने 37 किग्रा में तमिलनाडु के एस सुजीत को 5-0 से मात दी। नितिन (40 किग्रा), रवि सिहाग (49 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा), नमन (58 किग्रा) और अनमोल दहिया (64 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। उत्तराखंड तीन स्वर्ण और तीन रजत से 34 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक से तीसरा स्थान हासिल किया।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर से

एजेंसी

मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ श्रृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का



अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। उन्होंने कहा, हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं जहां उन्हें अधिक फायदा मिल सकता है। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह श्रृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

## ऑस्ट्रेलिया में पेशेवर फुटबॉलर पहले भारतीय पंथोई चानू

कोलकाता। मणिपुर की गोलकीपर एलंगबम पंथोई चानू गुरूवार से शुरू होने वाली साउथ आस्ट्रेलियन वुमैन्स नेशनल प्रीमियर लीग में मेट्रो यूनाईटेड डब्ल्यूएफसी का प्रतिनिधित्व करेंगी जिससे वह आस्ट्रेलिया में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर बन जायेंगी। इम्फाल के करीब केराक गांव में रहने वाली 26 वर्षीय पंथोई चानू ने पिछली बार जब अपना सामान पैक किया था तो वह मणिपुर में चल रही हिंसा से बचकर भागने के लिये किया था। भारत की यह गोलकीपर बुधवार को तड़के एडीलेड के लिए रवाना होगी और आस्ट्रेलिया की महिला फुटबॉल लीग में मेट्रो यूनाईटेड का प्रतिनिधित्व करेंगी जिसके लिए उनका पूरे सत्र का अनुबंध नवंबर तक का है और वह इसमें करीब 18 मैच खेलने के लिए तैयार हैं। मेट्रो यूनाईटैड डब्ल्यूएफसी के मुख्य कोच पॉल मौरिस ने कहा कि वह ए लीग क्लब एडीलेड यूनाईटेड एफसी में ट्रेनिंग लेंगी।

## बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान जर्लिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में



मोनेगास्क के निस और पोलैंड के जर्लिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला।

बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के जॉन पैट्रिक स्मिथ और नीदरलैंड के सेम वर्बीक से होगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना और एब्डेन ने चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्व पर 84 प्रतिशत (37144) अंक जीते। मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

बोपन्ना और एब्डेन ने पहले सेट के 11वें गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर 6-5 से बढ़त बना दी। अगले गेम में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट बचाकर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में दोनों जोड़ियों ने अपनी सर्विस बचाकर इसे टाइब्रेकर का खींच दिया। टाइब्रेकर में निस और जर्लिंस्की ने डबल फाल्ट किया जिसका फायदा उठाकर बोपन्ना और एब्डेन ने यह सेट और मैच जीत लिया।

## खेलमंत्रालय ने बजरंग पूनिया को वित्तीय सहायता को दी मंजूरी

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होने के बावजूद पहलवान बजरंग पूनिया के वित्तीय सहायता प्रदान करने के अनुरोध को मंगलवार को मंजूरी दे दी और साथ ही उनके कंडीशनिंग कोच काजी किरण मुस्तफा हसन का कार्यकाल मई के अंत तक बढ़ा दिया। पूनिया भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल थे। वह हाल में आयोजित किए गए ट्रायल्स में 65 किग्रा भार वर्ग में शीर्ष चार में जगह बनाने में नाकाम रहे थे।

## ऑस्ट्रेलिया विश्व कप क्वालीफायर्स के अंतिम दौर में

एजेंसी

कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां लेबनान को 5-0 से करारी शिकस्त दी, जिससे वह फुटबॉल विश्व कप 2026 के एशियाई क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई।

ऑस्ट्रेलिया की ग्रुप आई में यह लगातार चौथी जीत है जिससे उसने दो मैच शेष रहते ही अगले दौर में जगह बनाई। फलस्तीन ने एक अन्य मैच में बांग्लादेश को।-0 से हराकर पहली



बार क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। फलस्तीन ग्रुप आई में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर है। उसके सात अंक हैं जो तीसरे नंबर की टीम लेबनान से पांच अधिक हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम अंतिम दौर में जगह बनाएंगी।

## राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगे 1300 से अधिक खिलाड़ी

नयी दिल्ली। देश भर के 1300 से अधिक खिलाड़ी बुधवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगे।भारतीय खो-खो महासंघ की यहां जा रही है विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 73 टीमों के 1332 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन करनैल सिंह स्टेडियम और इंदिरा गांधी खेल परिसर के केडी सिंह जाधव इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगी। प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण के मैचों का डीडी स्पोर्ट्स पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

संक्षेप

## आईपीएल का ऑफिशियल पार्टनर बना माय11सर्किल

नई दिल्ली। फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल आईपीएल का ऑफिशियल पार्टनर बन गया है। माय11सर्किल ने ड्रीम11 को पछाड़ते हुए आईपीएल से 5 साल का करार किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंडियन प्रीमियर लीग गवर्निंग काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने 26 मार्च, 2024 से शुरू हो रहे टाटा आईपीएल 2024 के लिए नए फैंटेसी स्पोर्ट्स ऑफिशियल पार्टनर के नाम का एलान किया है। माय11सर्किल अग्रणी रियल मनी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है, जो अपने खिलाड़ियों को खेल से जुड़ी उनकी जानकारी एवं एनालिटिकल स्किल्स के दम पर पुरस्कार जीतने का मौका देता है। यहां उन्हें अद्वितीय गेमिंग एक्सपीरियंस मिलता है, जहां हर मैच से जुड़ने, मनोरंजन करने और बड़ा पुरस्कार जीतने का मौका होता है। आईपीएल के दौरान जिस तरह से देश में क्रिकेट का उत्साह होता है, उसे देखते हुए फैंटेसी क्रिकेट के प्रशंसकों को न केवल अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को मैदान पर खेलते हुए देखने का आनंद मिलेगा।

अर्थ

# सेंसेक्स में 362 अंकों की गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 361 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक तथा आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 361.64 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,470.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 468.91 अंक तक गिर गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 नुकसान में जबकि 10 लाभ में रहे।

पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 92.05 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,004.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के तीस शेयर नुकसान में जबकि 20 लाभ में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड सबसे ज्यादा 2.07 प्रतिशत नुकसान में रही। इसके अलावा भारती एयरटेल में 1.99



प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी की अनुषंगी भारती हेक्साकॉम 4,275 करोड़ रुपये का आईपीओ तीन अप्रैल को ला रही है। इसके लिए मूल्य दायरा 542 रुपये से 570 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। एचडीएफसी बैंक 1.11 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.88 प्रतिशत नीचे आया। सेंसेक्स में कुल गिरावट में एचडीएफसी बैंक का योगदान 106 अंक से अधिक रहा जबकि आरआईएल की हिस्सेदारी 77 अंक से अधिक रही। वैश्विक रुख के अनुरूप घरेलू बाजार में लगातार सुधार जारी है। अमेरिका में सप्ताह के दौरान जारी होने वाला जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से भविष्य में नीतिगत दर में कटौती के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके अलावा, कारोबारी मात्रा कम होने तथा वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान को देखते हुए बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

## 33 पैसे चढ़कर 83.28 प्रति डॉलर पर

मुंबई। डॉलर के कमजोर होने तथा एशियाई मुद्राओं में सकारात्मक रुख के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 33 पैसे सुधरता हुआ 83.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख और कच्चे तेल कीमतों में तेजी के कारण रुपये का लाभ सिमट गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.33 प्रति डॉलर पर खुला तथा कारोबार के दौरान 83.26 के दिन के उच्चतम स्तर तथा 83.37 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले 33 पैसे की मजबूती के साथ 83.28 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में रुपया 48 पैसे की गिरावट के साथ 83.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## सोने में 100 और चांदी में 250 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 250 रुपये की गिरावट केसाथ 77,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था।

## एसएंडपी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नयी दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने इकोनॉमिक आउटलुक में कहा, एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आम तौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है। हमे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।

## चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 11.4 अरब डॉलर तथा एक साल पहले 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 16.8 अरब डॉलर था। शुद्ध एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रवाह अप्रैल-दिसंबर, 2023 में 8.5 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह 21.6 अरब डॉलर था। साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार (भुगतान संतुलन आधार पर) में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में छह अरब डॉलर की वृद्धि हुई। जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में इसमें 11.1 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान वस्तु व्यापार घाटा 71.6 अरब डॉलर रहा, जो 2022-23 की इसी तिमाही में 71.3 अरब डॉलर से थोड़ा अधिक है। सॉफ्टवेयर निर्यात, व्यापार और यात्रा सेवाओं के बढ़ने से सेवा निर्यात में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शुद्ध सेवा प्राप्तियों में न केवल पिछली तिमाही की तुलना में बल्कि सालाना आधार पर भी वृद्धि हुई। इससे चालू खाते के घाटे को कम करने में मदद मिली।

## चीन से एल्युमीनियम फॉयल के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू

नयी दिल्ली। भारत ने घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद खाद्य उत्पादों के लिए पैकेजिंग सामग्री के रूप में इस्तेमाल होने वाले एल्युमीनियम फॉयल के चीन से आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) एल्यूमीनियम फॉयल की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड, श्री वेंकटेश्वर इलेक्ट्रोकास्ट, रवि राज फॉयल्स, जीएलएस फॉयल्स प्रोडक्ट और एलएसकेबी एल्युमीनियम फॉयल्स ने जांच की मांग करते हुए घरेलू उद्योग की ओर से आवेदन दायर किया था।

# भारत-फिलीपीन उभरते विश्व को दे रहे आकार

## भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाये रखने में फिलीपीन का समर्थन करता है : जयशंकर

एजेंसी



मनीला। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपीन के विवाद के बीच मंगलवार को कहा कि अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में दक्षिणपूर्व एशियाई देश का भारत दृढ़ता से समर्थन करता है और वह रक्षा एवं सुरक्षा समेत सहयोग के नए क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशना चाहता है।

जयशंकर ने मनीला में फिलीपीन के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फिलीपीन के मंत्री मनालो के साथ सार्थक मुलाकात हुई। राजनीति, रक्षा, सुरक्षा व समुद्री सहयोग, व्यापार व निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति तथा दूतावास संबंधी क्षेत्रों में संबंध मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने हिंद-प्रशांत, दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन तथा संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर विचार साझा किए। जयशंकर कहा, चूंकि दोनों लोकतंत्र नियम आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं, लिहाजा हमारा सहयोग गहरा बनाने के लिए उत्साहित हूं। मनालो के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा मैं इस अवसर पर दृढ़ता के साथ दोहराना चाहता हूं कि भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपीन का समर्थन करता है।

उन्होंने कहा कि बदलती दुनिया के साथ यह आवश्यक है कि भारत और फिलीपीन उभरते विश्व को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। विदेश मंत्री ने एक सवाल पर कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल में भारत और फिलीपीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दक्षिण चीन सागर में घटनाक्रम के बीच फिलीपीन के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की भारत की योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, आपको उस सहयोग को उसकी खूबियों के आधार पर देखने की जरूरत है। यह जरूरी नहीं है कि इसका संबंध किसी खास स्थिति से है।

उन्होंने कहा, लेकिन आज यह स्वाभाविक है कि जब दो देशों के बीच यह विश्वास तेजी से बढ़ रहा है, लिहाजा हम सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं को तलाश करेंगे। और निश्चित तौर पर रक्षा तथा सुरक्षा उनमें से एक है। गौरतलब है कि चीन ज्यादातर दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा जताता है जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान भी उस पर अपने दावे जताते हैं।

# पीएम मोदी ने बेल्जियम के अपने समकक्ष से वार्ता की



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बेल्जियम के अपने समकक्ष एलेक्जेंडर डी क्रू से बात की और दोनों देशों के उत्कृष्ट संबंधों की समीक्षा करने के साथ ही व्यापार, निवेश और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में ब्रसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को बधाई दी। बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने भारत और बेल्जियम के बीच उत्कृष्ट संबंधों की समीक्षा की। इसके मुताबिक, मोदी और डी क्रू ने व्यापार, निवेश, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, ग्रीन हाइड्रोजन, आईटी, रक्षा, बंदरगाहों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

दोनों नेताओं ने यूरोपीय संघ की परिषद की बेल्जियम की मौजूदा अध्यक्षता के तहत भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया, वे पश्चिम एशिया क्षेत्र और रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति और सुरक्षा की शीघ्र बहाली के लिए सहयोग और समर्थन बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमत हुए। दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर भी सहमति जताई।

संक्षेप

### कंगना रनौत पर कांग्रेस नेता की अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा होगी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहीं अभिनेत्री कंगना रनौत और उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। मंडी को लेकर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी की निंदा करते हुए विपक्ष के नेता ठाकुर ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बड़ी गलती की है क्योंकि लोग छोटी काशी के नाम से जानी जाने वाली और 300 से अधिक मंदिरों की भूमि मंडी में आस्था के साथ आते हैं। कांग्रेस नेता श्रीनेत और एच एस अहीर ने अपने सोशल मीडिया खातों पर रनौत और मंडी को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां पोस्ट कर एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। ठाकुर ने कहा, भाजपा मामले की कानूनी तौर पर समीक्षा कर रही है और इस संबंध में मामला दर्ज करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हिमाचल और विशेषकर मंडी के लोग कांग्रेस को नहीं बख्शेंगे और पार्टी को आगामी लोकसभा चुनावों में न केवल मंडी में बल्कि पूरे राज्य और देश के अन्य हिस्सों में इसके परिणाम भुगतने होंगे।

# ईडी की हिरासत से अरविन्द केजरीवाल ने दिया दूसरा निर्देश



एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है। बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त जांच की स्थिति बतायें और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि मैं विधानसभा को सूचित कर सकूं। मुख्यमंत्री के आदेश का विवरण साझा करते हुए भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा केजरीवाल की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का मानना है कि भले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन दिल्ली के लोगों को सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त जांच और दवाएं लेने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भारद्वाज ने कहा, भले ही वह हिरासत में हैं, लेकिन उन्हें दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता है। उन्हें जानकारी मिली है कि कई मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाएं और मुफ्त जांच परीक्षण उपलब्ध नहीं हैं। मुख्यमंत्री को यह जानकर दुख हुआ है। भारद्वाज ने कहा, उन्होंने मुद्दों के समाधान के लिए मुझे निर्देश जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग मुद्दों के समाधान के लिए तुरंत कार्वाई करेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इसकी चिंता है कि किसी गरीब मरीज को इसकी वजह से परेशानी न हो। उन्होंने कहा, दिल्ली में, लाखों लोग पूरी तरह से सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवाओं पर निर्भर हैं क्योंकि वे उन्हें खरीद नहीं सकते। कुछ लोगों को जीवन भर दवाओं की आवश्यकता होती है जैसे कि मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित लोग।

मोहल्ला क्लीनिक में न हो दवाओं की कमी

# इस्लामिक कट्टरपंथियों ने किया मॉस्को में हमला : पुतिन

एजेंसी



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को दावा किया कि पिछले हफ्ते मॉस्को के उपनगर में कॉन्सर्ट हॉल पर हमला करने वाले बंदूकधारी इस्लामिक कट्टरपंथी हैं। इस हमले में 130 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक में पुतिन ने कहा कि हत्याएं इस्लामी चरमपंथियों द्वारा की गईं।

पुतिन ने गत सप्ताहांत कहा था कि चार हमलावरों को यूक्रेन भागने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया। रूस के राष्ट्रपति ने सोमवार को एक बार फिर अपनी टिप्पणी में इस्लामिक स्टेट का जिक्र करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि अपना अपराध करने के बाद आतंकवादियों ने यूक्रेन भागने की कोशिश क्यों की और वहां कौन उनका इंतजार कर रहा था। आईएस सहयोगी द्वारा जिम्मेदारी लिए जाने के बाद अमेरिका ने आतंकी संगठन के दावे को सही करार दिया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस के पास मौजूद खुफिया जानकारी के मुताबिक मॉस्को हमले के पीछे आईएस इकाई जिम्मेदार है।

इससे पहले, सोमवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने किसी को जिम्मेदार ठहराने से इनकार किया था और संवाददाताओं से रूसी एजेंसियों की जांच के नतीजों की प्रतीक्षा करने का आग्रह किया था। उन्होंने उन खबरों पर भी टिप्पणी करने से इनकार किया कि अमेरिका ने सात मार्च को मॉस्को में अधिकारियों को संभावित आतंकवादी हमले के बारे में चेतावनी दी थी।

पेसकोव ने कहा कि इस तरह की खुफिया जानकारी गोपनीय होती है। रूस के कॉन्सर्ट हॉल पर हमला करने के मामले में पकड़े गए चार लोगों को रविवार को मॉस्को की एक अदालत में पेश किया गया और उन पर आतंकवाद का आरोप लगाया गया। सुनवाई के दौरान आरोपियों ने अदालत को चोट के निशान भी दिखाए। एक व्यक्ति तो बमुश्किल से होश में था। रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने कहा कि जांच अभी भी जारी है लेकिन संकल्प लिया कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा, वे दया के पात्र नहीं हैं। अधिकारियों ने बताया कि मॉस्को के पश्चिमी बाहरी इलाके में क्रोकस सिटी हॉल पर शुक्रवार रात हुए हमले में 137 लोग मारे गए और 180 से अधिक घायल हो गए।

# लोस चुनाव में पराजय देख विपक्ष कर रहा विभाजनकारी राजनीति : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी दलों के नेताओं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर उनकी ताजा टिप्पणी के लिए मंगलवार को निशाना साधा और उन पर लोकसभा चुनाव में अपनी हार को भांपते हुए देश का माहौल खराब करने के लिए विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे देश की प्रगति के लिए मोदी को वोट देकर आगामी संसदीय चुनावों में इस तरह की शक्तियों को खारिज कर दें और उन्हें करारा जवाब दें। त्रिवेदी ने कर्नाटक के मंत्री शिवराज तंगादगी के मोदी, मोदी के नारे लगाने वाले युवाओं को थप्पड़ मारने वाले बयान की आलोचना की और उन पर चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा कि तंगादगी की टिप्पणी यह भी दिखाती है कि राहुल गांधी की कांग्रेस का महात्मा गांधी के आदर्शों से कोई लेना-देना नहीं है जिन्होंने हमेशा अहिंसक विरोध का समर्थन किया। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि क्या वह देश में इस तरह का लोकतंत्र स्थापित करना चाहती है? त्रिवेदी ने कहा, चुनाव में उनकी आसन्न हार को देखते हुए इस तरह की टिप्पणियां हताशा में हिंसा तक पर उतरने की खतरनाक प्रवृत्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि इस तरह के विभाजनकारी एवं हिंसक भड़काऊ बयानों की लोकतंत्र में क्या कोई प्रासंगिकता है? उन्होंने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई।

### इजराइल व हमास युद्ध पर अंतरराष्ट्रीय दबाव

रफाह (गाजा पट्टी)। हमास ने युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के एक ताजा प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, वहीं इजराइल ने दोनों का आह्वान करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक संकल्प पर नाराजगी जताई है। गाजा में छह महीने से युद्ध चल रहा है। दोनों ने ही सोमवार देर रात रक्तपात को रोकने के नवीनतम अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को खारिज कर दिया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल हमास को खत्म करने और कई बंधकों की वापसी के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है यदि वह दक्षिणी शहर रफाह में अपने जमीनी हमले का विस्तार करता है, जहां गाजा की आधी से अधिक आबादी ने शिविरों में शरण ले रखी है। हमास ने कहा है कि वह बंधकों को तब तक रोककर रखेगा जब तक इजराइल अधिक स्थायी युद्ध विराम पर सहमत नहीं हो जाता, गाजा से अपनी सेना वापस नहीं ले लेता और शीर्ष चरमपंथियों सहित सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं कर देता।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू

नयी दिल्ली। पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदलने के बाद बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए एक आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब के लिए उनके मन में बहुत स्नेह है और वह राज्य के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं। बिट्टू ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में केंद्र में भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा, हम किसानों, श्रमिकों, उद्योगों के लिए सेतु का काम करेंगे।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com